सुविचार

मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है!

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 356 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, बुधवार 19 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# विपक्षी गठबंधन का नाम INDIA

## खड़गे ने ऐलान किया; बोले- 11 लोगों की समन्वय समिति बनेगी, अगली बैठक मुंबई में होगी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बेंगलुरु।** विपक्षी एकता की दूसरे दिन की बैठक मंगलवार को बेंगलुरु में हुई। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के 26 दल एक साथ आए हैं। बैठक में विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम INDIA तय किया गया है। इसका फुल फॉर्म इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस है।




इसका ऐलान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने कहा- समन्वय के लिए 11 सदस्यों की कमेटी और एक कार्यालय जल्द बनाया जाएगा। इसकी घोषणा मुंबई में होने वाली हमारी अगली बैठक में होगी। खड़गे ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र की सभी एजेंसियों ED, CBI आदि को नष्ट कर दिया है। हमारे बीच राजनीतिक भेद हैं, लेकिन हम देश को बचाने के लिए साथ आए हैं। इससे पहले हम पटना में मिले थे, जहां 16 पार्टियां मौजूद थीं। आज की बैठक में 26 पार्टियों ने हिस्सा लिया। यह देखकर NDA 36 पार्टियों के साथ बैठक कर रहे हैं। मुझे नहीं पता वो कौन सी पार्टियां हैं। वे रजिस्टर्ड भी हैं या नहीं? सारी मीडिया पर मोदी का कब्जा। ऐसा पहले कभी नहीं देखा था कि मीडिया हमारे खिलाफ इतनी शत्रुतापूर्ण है। आज हम यहां अपने हित के लिए नहीं बल्कि देश को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम सरकार की नाकामियों को उजाकर करेंगे। मैं खुश हूं कि राहुल, ममता सब सहमत हैं। 2024 में साथ लड़ेंगे और ग्रेट रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन को लीड कौन करेगा, फेस कौन होगा। इस सवाल के जवाब में खड़गे बोले- हम कोऑर्डिनेशन कमेटी बना रहे हैं। मुंबई की बैठक में ये 11 नाम तय होंगे। आगे की जानकारी तभी मिलेगी। खड़गे के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बोलीं। उन्होंने कहा- देश में दलित, हिंदू, मुस्लिम हर किसी की जिंदगी खतरे में है। दिल्ली, बंगाल, मणिपुर हो, सरकार बेचना, सरकार खरीदना यही काम सरकार का है। हमारे गठबंधन का नाम इंडिया है, बीजेपी क्या तुम इंडिया को चैलेंज करोगे? दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा- 9 साल में केंद्र सरकार ने हर सेक्टर को बर्बाद कर दिया है। इन्होंने एयरपोर्ट, जहाज, आसमान, धरती, पाताल सब बेच दिया। इनकी सरकार से किसान, व्यापारी हर वर्ग दुखी है। देश में जिस तरह नफरत फैलाई जा रही है, उससे देश को बचाने के लिए हम इकट्ठा हुए हैं। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे बॉलीवुड अंदाज में बोले। उन्होंने कहा- हम देश को बताने आए हैं कि मैं हूं ना। देश हमारा परिवार है। हम अपने परिवार को बचाने एकत्र हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा- आज देश की आवाज को दबाया जा रहा है। कठउ्कअ नाम इसीलिए चुना गया, क्योंकि लड़ाई NDA और इंडिया के बीच है, मोदी और इंडिया के बीच में है। आपको पता है कि जब कोई इंडिया के खिलाफ खड़ा होता है तो जीत किसकी होगी। भारत के विचार पर हमला हो रहा है, ये हमला बीजेपी कर रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है, अरबपतियों का फायदा हो रहा है, जो मोदी के करीबी हैं।

# विपक्षी गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी बोले- ये साथ हैं पास नहीं

### *केरल में एक-दूसरे के खून के प्यासे लेफ्ट-कांग्रेस बेंगलुरु में हाथ मिला रहे*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को हुई NDA की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर कहा- ये साथ तो आ सकते हैं, पास नहीं। केरल में लेफ्ट और कांग्रेस एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं, लेकिन बेंगलुरु में हाथ पकड़कर हंस रहे हैं। बंगाल में लेफ्ट और तृणमूल कांग्रेस लड़ रहे हैं, लेकिन बेंगलुरु में साथ खड़े हैं। जनता जानती है ये मिशन नहीं मजबूरियां है। इन्हें अपने कार्यकताओं की भी चिंता नहीं।NDA के 25 साल पूरे होने पर मोदी ने कहा- NDA में N का मतलब न्यू इंडिया है, D का मतलब डेवलप्ड नेशन यानी विकसित राष्ट्र ओर A का अर्थ है एस्पिरेशन यानी लोगों की आकांक्षा है। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचितों को NDA पर भरोसा है। हमारा संकल्प पॉजिटिव है, एजेंडा पॉजिटिव है, रास्ता भी पॉजिटिव है। सरकारें बहुमत से बनती हैं, सबके साथ से चलती हैं। देश में राजनीतिक गठबंधन का पुराना इतिहास है, लेकिन नकारात्मक विचार से बने गठबंधन सफल नहीं हुए। NDA का लक्ष्य सत्ता हासिल करना नहीं था। ठउ्अ किसी के विरोध में नहीं बना था। ठउ्अ किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। इसका गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। जब देश में स्थिर सरकार होती है तो देश कालजयी फैसले करता है।

**पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें...**

### अटल, बादल और बाला साहेब को याद किया

पीएम ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा- हमारे साथ आज बादल जी और बाला साहेब के सच्चे अनुयायी मौजूद हैं। इसके बाद उन्होंने कहा- हमने अटलजी के दौर में भी देखा और पिछले 9 सालों में बार-बार देख रहे हैं। आज पूरे विश्व का भारत पर भरोसा बढ़ा है।

### हमने विरोध के लिए विदेशी मदद नहीं ली

कांग्रेस ने 90 के दशक में देश में अस्थिरता लाने के लिए गठबंधनों का इस्तेमाल किया, सरकारें बनाईं और सरकारें बिगाड़ीं। ठउ्अ की एक और विशेषता रही है, विपक्ष में भी हमने सकारात्मक राजनीति की कभी नकारात्मक राजनीति का रास्ता नहीं चुना। विपक्ष में रहकर सरकार का विरोध किया, उनके घोटालों को सामने लाए, लेकिन जनादेश का विरोध नहीं किया। हमने सरकार के विरोध के लिए विदेशी मदद नहीं ली।

### केंद्र की योजनाओं का लाभ अपने राज्यों के गरीबों को नहीं देता विपक्ष

आज हम देखते हैं केंद्र की योजनाओं को विपक्ष की कई सरकारें अपने राज्यों में लागू नहीं होने देतीं। ये योजनाएं लागू होती हैं तो उन्हें रफ्तार नहीं पकड़ने देते। वो सोचते हैं कि अगर मोदी की योजना का लाभ गरीबों को मिला तो उनकी राजनीति कैसे चलेगी।

# लॉरेंस-गोदारा जैसे गैंगस्टर्स की प्रॉपर्टी होगी जब्त



**जयपुर।** राजस्थान सरकार अब लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा जैसे गैंगस्टर्स के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने जा रही है। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। गैंग बनाकर अपराध करने वाले गैंगस्टर्स और उनके गुर्गों के खिलाफ राजस्थान सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में बिल पास करवा दिया। माकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) की तर्ज पर विधानसभा में मंगलवार को राजस्थान संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक यानी राजस्थान कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (राकोका) बहस के बाद पारित हो गया। राकोका के प्रावधानों के अनुसार गैंग बनाकर अपराध करने वालों की प्रॉपर्टी जब्त होगी। इसे सरकार अपने कब्जे में लेगी। गैंगस्टर्स की प्रॉपर्टी या पैसा अपने कब्जे में रखने वालों को भी सजा होगी। गिरोह बनाकर फिरौती वसूलने, पैसे के लिए धमकाने वालों को राकोका के दायरे में लिया जाएगा। राकोका के केस की सुनवाई के लिए अलग से कोर्ट होगा। डीएसपी स्तर का अफसर ही राकोका में केस दर्ज करेगा। जिन अपराधियों के खिलाफ पिछले 10 साल में एक से ज्यादा चार्जशीट पेश की गई हों और कोर्ट ने उन पर संज्ञान लिया हो। ऐसे अपराधियों को राकोका के दायरे में लिया जाएगा। इस केस में लंबे समय तक जमानत नहीं होगी। गैंग बनाकर किए जाने वाले अपराध पर राकोका लागू होगा। अपराध करने वाली गैंग के हर मेंबर के खिलाफ राकोका के प्रावधानों के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। अगर दो या इससे ज्यादा अपराधियों ने मिलकर किसी को फिरौती के लिए धमकाया, पैसा वसूला तो इसे राकोका के तहत संगठित क्राइम मानकर कार्रवाई होगी।

# किसान कर्जमाफी पर विधानसभा में बीजेपी का हंगामा

## स्पीकर ने सीएम सलाहकार को फटकारा, कहा- पहले की तरह सदन से बाहर निकाल दूंगा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** किसान कर्जमाफी को लेकर मंगलवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। हंगामे की शुरूआत उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया के कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में किसान कर्जमाफी के वादे के जिक्र से हुई। पूनिया ने जैसे ही जन घोषणा पत्र का जिक्र किया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मंत्रियों-विधायकों ने आपत्ति जताई। इस पर दोनों तरफ से नोक-झोंक शुरू हो गई। उप नेता प्रतिपक्ष को टोकने से नाराज बीजेपी विधायक भी जोर-जोर से बोलने लगे। इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई।



काफी देर तक कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच इस मुद्दे पर तीखी नोक-झोंक चलती रही। नाराज बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर हंगामा किया। स्पीकर सीपी जोशी के दखल के बाद हंगामा शांत हुआ।

उपनेता प्रतिपक्ष बोले- लाखों किसान कर्ज माफी का इंतजार कर रहे शून्यकाल के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष सहित कई विधायकों ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए किसान कर्जमाफी का मुद्दा उठाया। पूनिया सहित कई बीजेपी विधायकों ने किसान कर्जमाफी को लेकर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

पूनिया ने कहा- सरकार ने आधी अधूरी कर्जमाफी की। इसमें छह हजार करोड़ तो बीजेपी सरकार माफ कर गई थी। राहुल गांधी ने 10 दिन में कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन साढ़े 4 साल बीत गए। लाखों किसान कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं।

स्पीकर ने सीएम सलाहकार से कहा- आपको पहले भी बाहर निकाल चुका, फिर निकाल दूंगा

स्पीकर सीपी जोशी ने सीएम सलाहकार संयम लोढ़ा को सदन से बाहर निकालने की चेतावनी दी। इस दौरान स्पीकर और लोढ़ा के बीच नोक-झोंक हो गई।

स्थानीय युवाओं को भर्तियों में प्राथमिकता देने से जुड़े सवाल पर संयम लोढ़ा बिना स्पीकर की मंजूरी बोलने लगे। लोढ़ा ने कहा- मंत्री पिछले पांच साल से केवल बातें ही कर रहे हैं। किया कुछ नहीं है। इस पर स्पीकर ने संयम लोढ़ा को बैठने को कहा, लेकिन वे बोलते रहे। स्पीकर ने संयम लोढ़ा को सदन से बाहर करने तक की चेतावनी दे दी।

स्पीकर ने संयम लोढ़ा से कहा- मैं आपको आखिरी बार चेतावनी दे रहा हूं। आप इतने सीनियर हैं। आप गलत परंपरा डाल रहे हैं। आप श्रेष्ठ विधायक रहे हैं। हमें सोचना पड़ेगा कि जो अच्छे विधायक रहे हैं। उनको अच्छे विधायक के बारे में जो निर्णय किया है, उसे रिव्यू करना पड़ेगा। मैं इस आचरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता। स्पीकर ने इस बीच अगले सवाल के लिए नाम पुकार लिया, लेकिन लोढ़ा फिर भी बोलते रहे।

स्पीकर ने संयम लोढ़ा को चेताते हुए कहा- मैं अंतिम बार चेतावनी देता हूं कि मुझे गलत परंपरा शामिल करने का अवसर नहीं दे। आखिरी सदन चल रहा है, मुझे आपको बाहर करना पड़ेगा। मैं आपको बाहर कर दूंगा। आपको पहले भी बाहर निकाला जा चुका है, मैं फिर रिपीट कर दूंगा।

मंत्री कल्ला बोले- प्रदेश की भर्तियों में स्थानीय कैंडिडेट को वरीयता नहीं मिलेगी

शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने जिला लेवल पर भर्तियां करने और स्थानीय निवासियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने का प्रावधान करने से साफ इनकार कर दिया है।

बीजेपी विधायक समाराम गरासिया के सवाल के जवाब में मंत्री कल्ला ने कहा- जिला स्तरीय मेरिट बनाने और स्थानीय कैंडिडेट को वरीयता दिए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## कुशल नेतृत्व से हुआ विकास...

# नदबई के गांव 'एजुकेशन हब' में होने लगे तब्दील

सितारा न्यूज नेटवर्क
राजनीतिक संवाददाता

**भरतपुर/नदबई।** भरतपुर जिले की नदबई विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन-चार साल में बड़ी संख्या में खुली इंग्लिश सरकारी स्कूलों ने ग्रामीण इलाकों के बच्चों के एजुकेशन सिस्टम को नई दिशा दी है, जो ग्रामीण बच्चे ए,बी,सी,डी इंग्लिश वर्णमाला के अक्षरों को ठीक तरह से समझ नहीं पाते थे, वे अब इन इंग्लिश स्कूलों के माध्यम से अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान हासिल करके अपनी पर्सनैलिटी को निखारने के साथ-साथ अपने उज्जवल भविष्य की ओर ही तेजी से आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं, इन इंग्लिश स्कूलों का इलाके में जाल फैलने से गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के परिवारों के चेहरों पर खुशी की लहर दिखती है क्योंकि आर्थिक तंगी की वजह से अपने बच्चों को उच्च क्वालिटी की स्कूलों में नहीं पढ़ा पा रहे थे लेकिन अब नदबई इलाके के कई गांव में सरकारी स्कूलों के अंग्रेजी स्कूलों में क्रमोन्नत होने के बाद स्कूलों की काया बदल गई है, इन स्कूलों में जब गरीब व्यक्ति अपने बच्चे को पढ़ने जाता हुआ देखता है तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू भी छलक आते हैं क्योंकि उसने यह सपने में भी नहीं सोचा था उसके बच्चे कभी इंग्लिश स्कूल का मुंह देख पाएंगे लेकिन स्थानीय विधायक और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने जिस मुस्तैदी और तन्मयता के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से छोटे-छोटे गांव में कई सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी स्कूलों में क्रमोन्नत करवाया उससे ग्रामीण इलाकों एजुकेशन कल्चर में जबरदस्त नया बनाया है, बदलाव का यह सिलसिला अभी शुरू ही हुआ है लेकिन इस शुरूआती सफर में ही इन इंग्लिश स्कूलों में ग्रामीण बच्चों की एजुकेशन क्षमता में जो वृद्धि हो रही है उससे ग्रामीण इलाके के लोग जोगिंदर सिंह अवाना की तारीफों के पुल बांध रहे हैं, अवाना को दिल से दुआ भी दे रहे हैं क्योंकि चाहे गरीब हो या अमीर हर मां बाप यही चाहत होती है कि उसके बच्चे हाई प्रोफाइल पढ़कर अपना और परिवार का नाम रोशन करें लेकिन आज के दौर में जरूरी यह भी है कि अगर अगर बच्चों की पढ़ाई की नींव ही कमजोर होगी तो फिर कॉलेज और यूनिवर्सिटी तक उनका सफर ही पूरा नहीं होता, आज के दौर में इंग्लिश का नॉलेज हर क्षेत्र में जरूरी है इसलिए इन इंग्लिश स्कूलों के माध्यम से स्कूल स्तर पर ही जब नदबई इलाके के बच्चों का शैक्षणिक स्तर उच्च क्वालिटी का हो जाएगा तो फिर उनकी कॉलेज और यूनिवर्सिटी की राह अभी काफी आसान हो जाएगी और बड़े से बड़े और कठिन से कठिन कंपटीशन एग्जाम को भी आसानी से फाइट कर लेंगे इसलिए विगत कुछ सालों में बड़ी संख्या में नदबई विधानसभा क्षेत्र में खुली इंग्लिश स्कूलों से न केवल गांव नए कलेवर में नजर आएंगे बल्कि गांव में मॉडर्न शिक्षा की बाहर से आ जाएगी, इस खुशहाली और इस नई बाहर का पूरा श्रेय स्थानीय नागरिक विधायक अवाना को ही दे रहे हैं।

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी

**विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की मेहनत लाने लगी रंग**

**बड़ी संख्या में इंग्लिश स्कूलों ने बच्चों के अंग्रेजी नॉलेज में अप्रत्याशित वृद्धि की**

## विधायक बनने के पहले दिन से ही शिक्षा और बच्चों के उज्जवल केरियर को लेकर काफी गंभीर दिखे अवाना



देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष और स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना नदबई में विधायक बनने के पहले दिन से ही अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गरीब मजदूर और किसान बच्चों की अच्छी एजुकेशन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए काफी गंभीर दिखे हैं, चुनाव प्रचार के दौरान और इलाके में जनसंपर्क के दौरान अवाना ने जब गांव-गांव जाकर गांव और ढाणियों की हालत देखी तो उन्हें इस बात की काफी हैरानी और दुख भी हुआ कि आजादी के इतने सालों के बाद भी नदबई इलाके के गांव शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली सड़क जैसी आधारभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं, चुनाव प्रचार के दौरान ही अवाना ने स्थानीय लोगों से वादा किया था कि विधायक बनने के बाद उनका पूरा फोकस शिक्षा चिकित्सा और सड़क, पानी बिजली जैसे विषयों पर रहेगा खासतौर से जोगिंदर सिंह अवाना खुद काफी हाई प्रोफाइल पढ़ाई पढ़े हुए हैं।

वे यह भी जानते हैं कि अत्याधुनिक युग में बच्चों के स्कूली जीवन में ही अगर उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाए और उनके कैरियर को स्कूल के जीवन से ही सही दिशा प्रदान की जाए तो बच्चा जरूर आगे सक्सेस होगा लेकिन हवाना ने यह भी महसूस किया कि नदबई इलाके में शिक्षा का आधारभूत ढांचा बहुत कमजोर है सरकारी स्कूलों की कमी है और जहां सरकारी स्कूले हैं वहां कई तरह की समस्याएं हैं, स्कूलों के भवनों का जर्जर होना, शौचालय की व्यवस्था नहीं होना पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होना, शिक्षकों की कमी होना जैसी कई तरह की विकराल समस्याएं थी जिसकी वजह से सरकारी स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था बुरी तरह से बिगड़ी हुई थी इसलिए विधायक बनने के बाद अवाना ने इलाके की सभी छोटी-बड़ी सरकारी स्कूलों की वस्तु स्थिति का आकलन कर स्कूलों की समस्याओं को दूर करने का बीड़ा उठाया इसी का परिणाम है कि विगत 3 साल में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी स्कूलों में क्रमोन्नत किया गया प्राथमिक स्कूलों को उच्च प्राथमिक स्कूलों में क्रमोन्नत किया गया उच्च प्राथमिक स्कूलों को माध्यमिक और हाई सेकेंडरी स्कूल में क्रमोन्नत किया गया, स्कूलों में शौचालय, पानी, साफ सफाई इत्यादि की समुचित व्यवस्था करवाने में भी अवाना ने अपनी अहम भूमिका निभाई है, सबसे बड़ी बात यह है कि विगत 3 साल में बड़ी संख्या में खुले अंग्रेजी सरकारी स्कूलों से गांव में एक नए कल्चर का आगाज हुआ है और गांव के बच्चों में अब शिक्षा के प्रति जबरदस्त रुझान हुआ है जिसकी वजह से नदबई के गांव तेजी से एजुकेशन हब के रूप में तब्दील होते हुए भी आगामी दिनों में देखी जा सकते हैं '

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
बुधवार, 19 जुलाई, 2023


पूर्वानुमान>

| | | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|
| 26° | अधिकतम> | 30°c | 32°c | 30°c | 33°c |
| | न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## डामरीकरण सड़क सहित अनेकों विकास कार्यों का भी हुआ लोकार्पण

# भामाशाह चौधरी देवीलाल ककरालिया राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

## कुड़ियों का बास सरपंच रामकरण चांदीवाल की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

हिंगोनियां। ग्राम पंचायत कुड़ियों का बास के राजस्व ग्राम गुढामान में स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए भामाशाह चौधरी देवीलाल ककरालीया ने उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए 800 वर्ग गज भूमि दान दी थी, जिनका लोकार्पण निम्न मुख्य अतिथियों के कर कमलों से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश पूनिया विधायक आमेर उप नेता प्रतिपक्ष, उद्घाटन कर्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सांसद जयपुर ग्रामीण, राजपाल सिंह शेखावत पूर्व विधायक झोटवाड़ा, रामदेवी चोपड़ा जिला प्रमुख जयपुर, पंचायत समिति सदस्य रमेश वर्मा, सरपंच रामकरण चांदीवाल के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सहित कई भाजपा नेताओं की शिरकत**

### पंचायत में कई अनेक विकास कार्यो की भी रखी नींव

सरपंच रामकरण चांदीवाल ने बताया कि गुढामान से पुनाना डामर सड़क, राजकीय विद्यालय गुढामान में कक्षा कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण, शमशान भूमि चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास, सुंदरियावास खेल मैदान का शिलान्यास, जल जीवन मिशन के तहत 95 लाख रु. स्वीकृत कार्य की घोषणा की आदि विकास कार्यो का उद्घाटन किया और कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे और इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम यह जनता आने वाले चुनाव में इस कांग्रेस को बता देगी। इस मौके पर डॉ. सतीश पूनिया ने बताया कि यह सरकार जंगलराज की सरकार है, जिसमें महिलाओं के साथ अत्याचार, चोरी, डकैती, पेपर लीक प्रकरण आदि अव्यवस्थाओं से व्याप्त सरकार को भगाने के लिए जनता ने हुंकार भर ली। इस मौके पर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आएगी और पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि यह कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है सिर्फ और लोगों को गुमराह करके अराजकता का माहौल फैलाती है। समस्त अतिथियों का सरपंच रामकरण चांदीवाल ने स्वागत किया और आमजन को बताया कि ग्राम पंचायत में किसी प्रकार की विकास में कभी नहीं छोडूंगा और रात दिन में जनता की सेवा में लगा रहूंगा इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मदनलाल कुड़ी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और हर भूत को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।



### कार्यक्रम में यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनील भामु पूर्व जिला परिषद सदस्य, हिंगोनिया सरपंच छित्तरमल कुमावत, पूर्व सरपंच रामलाल बुगालिया, पूर्व सरपंच गणेश यादव, सरपंच प्रतिनिधि दयाल सिंह, जिला महामंत्री मिथिलेश झाझड़ा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामरतन यादव, प्रवीण सिंह नाथावत, संदीप वर्मा,वार्ड पंच राहुल कासोटिया, हनुमान ऐचरा, जगन्नाथ जाखड़, डॉक्टर नानकराम, नारायण सिंह,बिरदा राम , छितर ककरालिया, गणेशराम चांदीवाला, रामगोपाल कुड़ी ,कालूराम चांदीवाल, मोतीराम वर्मा, आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## पंचाग

दिनांक: 19 जुलाई 2023 बुधवार
विक्रम संवत 2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 28:29:57 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पुष्य | 07:56:42 |
| योग | वज्र | 10:23:30 |
| करण | बालव | 15:18:23 |
| करण | कौलव | 28:29:57 |
| चन्द्र राशि | कर्क | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:45:35 |
| सूर्यास्त | 19:20:29 | |
| चंद्रोदय | 06:48:53 | |
| चंद्रास्त | 20:46:02 | |
| राहू काल | 12:33 - 14:15 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | 05:46 - 07:27 | शुभ |
| अमृत | 07:27 - 09:09 | शुभ |
| शुभ | 10:51 - 12:33 | शुभ |
| चर | 15:57 - 17:39 | शुभ |
| लाभ | 17:39 - 19:20 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## लोहार्गल व गणेश्वर से कावड़ लेकर आए शिव भक्तों ने जाजोद शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम पंचायत जाजोद में लोहार्गल व गणेश्वर से कावड़ लेकर आए शिव भक्तों ने जाजोद शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर शिव का जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना के साथ खुशहाली की मन्नते मांगी। इसी प्रकार गणेश्वर से कांवड़ लेकर आए शिव भक्तों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की एवं समस्त शिवभक्तों ने सामूहिक रूप से कावड़ शिव मंदिर में चढ़ाई। शिव भक्तों ने बताया कि लोहार्गल व गणेश्वर तीन दिवसीय पैदल यात्रा कर अपने गंतव्य स्थान जाजोद पहुंचकर शिव मंदिर में शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान यात्रा में एन एल शास्त्री, सुभाष लाटा, सागरमल सैनी, अशोक सैनी, झूथाराम बराला, मनीष बिडला, कृष्ण लाटा, शक्ति सिंह, भरत स्वामी, प्रहलाद लाटा, मनोज सैन, राहुल लाटा, जीतू मीणा सहित कई भक्तगण मौजूद थे।



## सरपंच संघ अध्यक्ष झाझड़ा ने केंद्रीय कृषि मंत्री को मनरेगा मजदूरों व किसानों की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सीकर।(विनोद धायल)**मनरेगा भुगतान व किसानों की समस्या को लेकर आज सरपंच संघ अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता हनुमान प्रसाद झाझड़ा ने केंद्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी से मिलकर ज्ञापन सौंपा । अध्यक्ष झाझड़ा ने बताया कि मनरेगा भुगतान का समय पर भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है ऐसे में ग्रामीण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कृषि मंत्री का सीकर दौरा रहा इसी बीच सरपंच संघ ने मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक गोवर्धन वर्मा, सरपंच प्रभु सिंह गोगावास, रामदेव सिंह भामू भी मौजूद रहे।

## राजस्थान हाउसिंग बोर्ड का यह डिजिटल उपक्रम, बनाए सेवाओं को सुगम

**हाउसिंग बोर्ड के आवासों में लगेंगे डिजिटल डोर नंबर**






### फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित अन्य सुविधाएं सीधे पहुंचेगी घर के दरवाजे तक

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल ने इंडसइंड बैंक के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रताप नगर स्थित मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना के तहत 500 फ्लैट्स में डिजिटल डोर नंबर (डीडीएन) लगाने की शुरूआत की है। क्यू आर कोड और यूनिक नंबर आधारित सेवा से जुड़ने के बाद आवासीय योजनाओं में ना केवल आवास या फ्लैट्स खोजना आसान होगा, साथ ही फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी सीधे घर के दरवाजे तक आसानी से पहुंच सकेगी। मंगलवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर हुई एक बैठक में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को इंडसइंड बैंक के कंट्री हेड अंकित पारीक (सरकारी बैंकिंग समूह) और एजाज आदिल में क्यूआर कोड का सैंपल सौंपा।

पवन अरोड़ा ने बताया कि डिजिटल डोर नंबर या क्यूआर कोड लगने के बाद रहवासियों को घर तलाशने में कोई दिक्कत नहीं होगी। पते के रूप में मिले क्यूआर कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही गूगल मैप की मदद से मकान की लोकेशन, उसकी तस्वीर सब कुछ मिल जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शिक्षक एवं प्रहरी योजना में इसकी शुरूआत की जा रही है। प्रयोग सफल होने पर अन्य योजनाओं को भी इस अत्याधुनिक सुविधा से जोड़ा जाएगा।

### क्यूआर कोड तकनीक पर आधारित डिजिटल डोर नंबर के बारे में विस्तार से दी प्रस्तुतिकरण

इस दौरान इंडसइंड बैंक से आए प्रतिनिधियों ने क्यूआर कोड तकनीक पर आधारित डिजिटल डोर नंबर के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इस सुविधा के साथ डोर स्टेप सर्विस, इमरजेंसी सर्विस जैसे फायर ब्रिगेड, पुलिस, कार मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में नगर निगम इस योजना में सहभागिता करता है, तो निगम के टैक्स वसूली, नोटिस आदि का वितरण भी इसके माध्यम से हो सकता है। यही नहीं डोर स्टेप डिलीवरी और ऑनलाइन शॉपिंग में भी आमजन को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। बैठक में मंडल सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### तैयारियां पूर्ण : राजस्थान आवासन मंडल सीधी भर्ती परीक्षा 2023

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी परीक्षा, परीक्षा में पास करने का झांसा देने या रिश्वत मांगने वालों पर करवाई जा सकती है एफआईआर : आवासन आयुक्त

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल में विभिन्न 258 पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा-2023 पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा में पास कराने के बदले रिश्वत या अनुचित मांग के झांसे में ना आएं। उन्होंने कहा कि प्रलोभन देने वाले या अनुचित मांग करने वालों के खिलाफ प्रमाण सहित निकटतम पुलिस स्टेशन में एफआरआर दर्ज कराई जा सकती है। आयुक्त ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर (एल-10) के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल) के 100, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 (कुल 258) अराजपत्रित पदों के लिए सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।

राजस्थान आवासन मण्डल



**सतर्क रहने की दी चेतावनी**

अरोड़ा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के सुचारू संपादन के लिए rhbexam.in वेबपोर्टल बनाया गया है, जिसका लिंक आवासन मण्डल की वेबसाइट urban.rajasthan.gov.in/rhb पर भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिये

### 9 सदस्यीय कमेटी की कड़ी निगरानी में संचालित होगी परीक्षा

अरोड़ा ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो की परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम पर कड़ी और पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मुस्तैद और सजग रहेगी।

### सेना, एयरफोर्स और अग्निवीर जैसी बड़ी परीक्षाओं के लिए जानी जाती है सी-डैक

आवासन आयुक्त ने बताया कि सी-डैक भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक मात्र ऐसी स्वायत्तशासी संस्था है, जो स्वयं परीक्षा सॉफ्टवेयर तैयार एवं डवलप करती है, इनका परीक्षा सॉफ्टवेयर विश्वसनीय माना जाता रहा है। विगत 7 वर्षों में सी-डैक ने भारतीय सेना, इन्डियन नेवी, कोस्ट गार्ड, अग्निवीर और तमिलनाडु पावर एनर्जी आदि में भी भर्ती करवायी है। सी-डैक द्वारा विगत 5 वर्षों में लगभग 50 परीक्षाएं आयोजित कर लगभग 70 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा ली गई है। संस्था द्वारा सम्पन्न करवायी गयी भर्तियों में अब तक कोई भी न्यायिक वाद दायर नहीं हुआ है।

### परीक्षा संबंधी सभी जानकारी के लिए संबंधित पोर्टल, वेबसाइट देखें

वांछित शैक्षणिक योग्यता, आयु-सीमा, पदों का वर्गीकरण, परीक्षा-शुल्क, अन्य शर्तें, परीक्षा-पैटर्न, पाठयक्रम, वेतन श्रृंखला एवं आवेदन प्रक्रिया इत्यादि की सूचना उपरोक्त वेबपोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जुलाई से प्रारंभ हो जायेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर आवश्यक सूचनाएं rhbexam.in वेबपोर्टल पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना के लिए हैल्पलाइन (प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक) 9363322818/0141-2740064 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## अग्र महाकुंभ को लेकर समाज की हुई बैठक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मंडावर -(राहुल जोशी)** । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में समाज की एकता, युवा पीढ़ी के उज्वल भविष्य,व्यापारियों के हितों, समाज के राजनैतिक अस्तित्व एवं समाज के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा तथा अग्रोहा के विकास एवं निर्माण के लिए दिनांक 23 जुलाई 2023 रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित हो रहे विराट अग्रमहाकुंभ को सफल बनाने हेतु मंडावर कस्बे में अग्रवाल सेवा सदन पर अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रवाल युवा सम्मेलन की संयुक्त बैठक का आयोजन सम्मेलन अध्यक्ष अनिल कुमार मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया।

अग्रवाल सम्मेलन मंडावर के प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंदूकी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर अधिक से अधिक बंधुओं को इस महाकुंभ में चलने के लिए प्रेरित करें। एवं सभी बंधु रविवार को अपने प्रतिष्ठान बंद कर अधिक से अधिक संख्या में अग्र महाकुंभ में पहुंचकर अपनी शक्ति एवं सामाजिक एकता का परिचय देकर इस विराट अग्रमहाकुंभ को सफल बनाये। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पदम गोयल, पूर्व जिला महामंत्री नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, स्थानीय महामंत्री अनंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरधारी गोयल, युवा अध्यक्ष मुरारी बंसल, लायंस क्लब अध्यक्ष नरेंद्र बंसल, पूर्व युवा अध्यक्ष सुनील दानपुर, संगठन मंत्री अशोक मंगल, योगेश मंगल, बनवारी गर्ग, संतोष बंसल, सुरेश बंसल सहित स्थानीय इकाई के पदाधिकारी एवं समाज के बन्धु उपस्थित रहे।

## गहलोत सरकार युवा बेरोजगारों के साथ कर रही हैं कुठाराघात -भूतड़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के अनुसार मंगलवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग का महाघेराव प्रदेशाध्यक्ष सांसद सीपी जोशी के नेतृत्व मे सैकड़ो की संख्या मे युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा की राजस्थान सरकार ने पेपर लीक प्रकरणों को और भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार की परंपरा बनाने का कार्य किया है, ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ आज युवा मोर्चा राजस्थान अजमेर में आरपीएससी का घेराव किया है युवाओं ने आंदोलन में साथ ही सहभागी बन इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फैकने का आह्वान कर रहे युवाओं के पर लाठीचार्ज कर कई युवाओं को चोटिल कर घायल कर दिया। युवा आकोश को कुचलने का प्रयास किया गया है जिसकी घोर निंदा करते हुए गहलोत सरकार को चेताया है की इसका परिणाम भुगतने को तैयार रहे। भूतड़ा ने कहा कि अजमेर देहात के कार्यकर्ता सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। इस अवसर पर सांसद भागीरथ चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, महाराणा प्रताप मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष दिपक चौहान, आशापूरा माता मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष गोलु पहलवान, हिमांशु शर्मा, राजेश जांगीड, वैभव, हर्ष पांडे, विवेक सेन, राहुल शर्मा, लोकेंद्र पाँवर, चिराग सोलंकी, यश, विजय सोलंकी, नरेश मेवाड़ा, दीपक, प्रबल राजपूत, मनन गहलोत, देवकिशन भाटी सहित सैंकड़ो कार्यकताओं ने महाघेराव में भाग लिया।

## डेमोंसट्रेशन वैन द्वारा चलाया जा रहा मतदान जागरूकता कार्यक्रम



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** । उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह के निर्देशन में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी सीताराम प्रजापति ने बताया कि सभी मतदाताओं की अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधानसभ क्षेत्र ब्यावर के प्रत्येक मतदान बूथ पर मोबाइल डेमास्ट्रेशन वाहन में ईवीएम वीवीपेट द्वारा मतदाताओं को मतदान का डेमोस्ट्रेशन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में लोकतंत्र का मुख्य स्तंभ मतदान है। अतः सभी के लिए अपना मतदान करना आवश्यक है। इस क्रम में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र में दक्ष प्रशिक्षक अनिल शर्मा, हर्षित पारीक, दीपक चौरोटिया ने विद्यार्थियों को ईएलसी के कर्तव्यों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षणार्थियों को मतदान के लिए जागरूक किया। दक्ष प्रशिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक रेखा बाघ, प्रोफेसर बीना चेरियन व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। वही एक अन्य कार्यक्रम में एमडीवी प्रभारी कल्याणमल सोनल ने राउप्रावि नवीन मील क्षेत्र ब्यावर के मतदान केन्द्र संख्या 64 67 पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टॉफ व विद्यार्थियों को ईवीएम वीवीपेट की जानकारी दी तथा मतदान करने की शपथ दिलाई।

## माधवानंद आश्रम में सात दिवसीय भागवत कथा 23 जुलाई से

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 जुलाई से किया जायेंगा। साध्वी विदुषी सरस्वती ने बताया कि 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ 23 जुलाई को होगा। कलश यात्रा पुरुषोत्तमदास आश्रम से मुख्य बाजार होते हुए कथा स्थल पहुंचेंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथावाचक सुनीता बहन त्रिवेणी धाम के द्वारा सुनाई जायेंगी। कथा का समापन 30 जुलाई को होगा। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। कमेटी द्वारा भागवत कथा की तैयारियां की जा रही हैं।

### एक प्रयास संस्था ने 150 टीबी के मरीजों को 6 माह के लिए लिया गोद, पोषाहार किया वितरण

# सामजिक सरोकार में अग्रणी एक प्रयास संस्था की बेहतरीन शुरूआतः कलेक्टर

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना को सफल बनाना हमारा नैतिक दायित्व : डॉ एस.सी. मित्तल (चेयरमैन रेड क्रॉस)







सितारा न्यूज नेटवर्क




**रुपेश शर्मा /अलवर ।** कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुमुद गुप्ता ने बताया कि एक प्रयास संस्था एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के संयुक्त तत्वाधान में आज 18 जुलाई 2023 को एक प्रयास संस्था अलवर द्वारा 150 टीबी के मरीजो को 6 माह तक गोद लेकर पोषण आहार किट का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर पुखराज सेन ,कार्यक्रम अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन व आई एम ए अध्यक्ष डॉ.एस.सी. मित्तल ,विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष विजय सोल्वेक्स अलवर एस.के.पारीक , विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीराम शर्मा, विशिष्ट अतिथि. उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश बैरवा , विशिष्ट अतिथि डी.टी.ओ. डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने गणेश जी की मूर्ति पर माला पहनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर किया तद्पश्चात जिला कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । एक प्रयास संस्था की अध्यक्ष अरुणा देवड़ा एवं संयोजक डॉ. कुमुद गुप्ता ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम को करने के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्रांच सेंट जॉन एम्बुलेंस अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने हमें मोटीवेट किया और पहले हमने 20 मरीज फिर 50 उसके बाद 80 फिर 100-120 और अंत में 150 मरीजो को गोद लेने का लक्ष्य हमारी संस्था के सदस्यों के सहयोग से पूरा किया है मै सभी सदस्यों को बधाई देना चाहूँगी कि इस सामजिक सरोकार के कार्यक्रम में आगे बढ़कर सहयोग किया ! पोषण आहार के किट में हर मरीज को गेंहू ,सोया दाल, चना दाल, भुना चना, गुड़, साबत मूँग तथा सरसों का तेल किट में दिया जा रहा है जो अगले 6 माह तक दिया जाएगा ! अध्यक्ष अरुणा देवड़ा ने संस्था के बारे में विस्तृत जाकारी भी प्रदान करी । डी.टी.ओ. डॉ.योगेन्द्र शर्मा ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना के अन्तर्गत 150 मरीज गोद लेने पर एक प्रयास संस्था अलवर को बधाई एवं सहयोग हेतु इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर ब्रांच को धन्यवाद देते हुए निक्षय मित्र योजना के बारे में सभी को जानकारी भी प्रदान करी ।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री पुखराज सेन ने अपने उद्बोधन में अध्यक्ष अरुणा देवड़ा एवं एक प्रयास की समस्त टीम को सामजिक सरोकार में बेहतरीन कार्य करने की बधाई देते हुए कहा कि सामजिक सरोकार में अग्रणी एक प्रयास संस्था की बेहतरीन शुरूआत है इसी तरह अन्य समाज सेवी संस्थाये भी आगे आकर इस नेक कार्य में भागीदारी ले तो जल्द ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत का सपना साकार हो जाएगा साथ ही सेंट जॉन एम्बुलेंस अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता को भी बधाई दी कि एक प्रयास संस्था को मोटीवेट करके इस नेक कार्य को पूरा करवाया है । इस मौके पर जिला कलेक्टर श्री पुखराज सेन ने सभी भामाशाहो को जिन्होंने टीबी मरीजो को गोद लिया है उन सभी को मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन व आई एम ए अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने अपने उद्बोधन में एक प्रयास संस्था की सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना को सफल बनाना हमारा नैतिक दायित्व है जो हर संस्था के स्तर पर ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति को अपना नैतिक दायित्व समझकर इस तरह के सामजिक सरोकार में भागीदारी निभानी चाहिए । विशिष्ट अतिथि विजय सोल्वेक्स कंपनी के वाईस प्रेसिडेंट एस.के.पारीक जी ने कहा की एक प्रयास संस्था सामजिक सरोकार में अपना परचम लहरा रही है और हर दिशा में जहाँ भी मौका मिल रहा है इस तरह के कार्य कर-के अपनी एक अमिट पहचान बना चुकी है ।कार्यक्रम के अंत में 150 टीबी मरीजों को किट वितरण करने पश्चात धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ. कुमुद गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट पी.पी.एम. कोऑर्डिनेटर लव शर्मा, एम.डी.आर. टीबी कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र मिश्रा, रेड क्रॉस सोसाइटी से जितेन्द्र सिंह, छोटे लाल, मुकेश कुमार का सहयोग रहा । कार्यक्रम संयोजक डॉ.कुमुद गुप्ता एवं गिरीश गुप्ता थे। मंच संचालन गिरीश गुप्ता ने किया ।

### ईवीएम वीवीपैट मशीनों का किया जा रहा प्रदर्शन

## मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा जिला प्रशासन

### मतदाताओं को समझाई गई मतदान की प्रक्रिया

सितारा न्यूज नेटवर्क







**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जिला मुख्यालय से तहसील एवं पंचायत समिति मुख्यालय तक ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नियमित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर मशीन का प्रदर्शित करने के साथ ही आम नागरिकों को ईवीएम में मॉक पोल का मौका दिया जा रहा है। रोजाना हजारों लोग इन मतदान प्रदर्शन केन्द्रों पर मॉक पॉलिंग कर ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया को समझ रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता चौधरी ने बताया कि जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ईवीएम-वीवीपैट का किया कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर युवाओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## अलवर आगमन पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हुआ भव्य स्वागत

### विधायक संजय शर्मा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया के अलवर आगमन पर मंगलवार को शहर विधायक संजय शर्मा के नेतृत्व हनुमान सर्किल पर पार्टी कार्यकताओं ने माल्यार्पण करते हुए, गुलाब की पंखुड़ियों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने वसुन्धरा राजे के सर्मथन मे जोरदार गगनभेदी नारों से आसमान गुजायमान कर दिया ।स्वागत कताओं में प्रमुख रुप से सुरेश यादव सभापति घनश्याम गुर्जर देशराज वर्मा जितेंद्र राठौर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैनी हरीश अरोड़ा रवि यादव राजेंद्र सिंह शेखावत केके मदान सतीश3ा शर्मा पार्षद विष्णु शंकर शर्मा सुरजीत भमलोत शीला जांगिड़ अरुण जैन रामअवतार शर्मा नरेंद्र शर्मा जगदीश अटल सुनील चौधरी देवेंद्र कुमार अविनाश खंडेलवाल जीतू सैनी कैलाश कोली सोनी सोनू चौधरी सीताराम किराड़ संजय जसाईवाल श्याम यादव विजय जाटव कमल कांत जांगिड़ महेश निहाल वाणी अशोक वर्मा खेमचंद रामानी देवेंद्र यादव दिलीप नरूका महेश शर्मा मुकेश तिवारी गोवर्धन सिसोदिया लक्ष्मी जाटव लक्ष्मी कंवर ममता कंवर कंवर पूनम गुर्जर तो प्रसाद जाटव हरीश चंद शर्मा लाला राम कुमावत लालचंद यादव राकेश कुमार मदन सैनी रमेश जाटव सुरेंद्र शर्मा रामानुज शर्मा प्रियांश अरोड़ा सागर यादव सचिन कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## 11 सदस्यीय कांवड़ियां दल हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुंचा बधाल, किया शिवाभिषेक

### कांवड़ियों ने बधालेश्वर महादेव के लिए दूसरी कावड़ यात्रा 11 दिन में की पूरी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । ग्राम बधाल स्थित बधालेश्वर महादेव मंदिर में हर की पौड़ी, हरिद्वार ( उतराखंड ) से लाए जल द्वारा सोमवार को पूर्ण विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। ग्राम बधाल के 11 सदस्यीय कांवडिया संघ के सदस्य हिमांशु कुमावत ने बताया कि 11 सदस्यीय कांवडिया संघ द्वारा हरिद्वार से दूसरी कावड़ यात्रा जो लगभग 481 किमी की थी संघ द्वारा यात्रा को 11 दिन में पूरा करने का लक्ष्य तय कर यात्रा की गई थी जिससे मात्र 11 दिनों में लक्ष्य को पूरा कर लिया गया । कावड़ियो के बधाल पहुँचने पर ग्रामवासियों द्वारा रेलवे स्टेशन पर माला पहनाकर, खाल्डी मार्केट में साफा बँधवाकर राजस्थानी परंपरा अनुसार कांवड़ियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा संघ के सदस्यों द्वारा माला और भगवा दुपट्टा पहनाकर मुख्य बाजार में स्वागत किया गया। कावड़ियो के नगर भ्रमण के उपरांत परिवारजनों द्वारा कावड़ के राखी तिलक कर पूजा की गई। कांवड़ियों द्वारा भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक कर महाआरती की गई। कावड़िया संघ के सदस्य हिमांशु ने आगे बताया कि हर वर्ष की भाँति इस बार भी कावड़ यात्रा हरिद्वार से बधाल लेकर पहुँचे। इससे पहले गोमुख उत्तराखण्ड 881 किमी और हरिद्वार से बड़ी कावड़ और राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थानों से कावड़ लाकर शिव का जलाभिषेक कर चुके है। कावड़िया संघ में प्रकाश, जितेंद्र , हिमांशु, नाथूराम, राजेश, अक्षय, सुभाष, अजय, सुभाष, परवीन, बनवारी, शंकर लाल शामिल रहे।

## राउमावि धीरजपुरा में अशोक के पौधे लगाए

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम धीरजपुरा में स्थित राउमा विद्यालय में मंगलवार को एडवोकेट देवी लाल ऐचरा ने विद्यालय में 11 अशोक के पौधे वितरण किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश राम वर्मा एवं विद्यालय स्टाफ ने 11 विद्यार्थियों के हाथों से पौधे लगाकर विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दी। प्रधानाचार्य वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों के योगदान के बारे में बताया। भामाशाह हरफूल सिंह ऐचरा ने भी विद्यालय में वृक्षारोपण किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# दलों के ध्रुवीकरण की जमीन हो रही तैयार

मिशन 2024 के लिए पटना से बेंगलुरु आने तक विपक्ष एक कदम आगे बढ़ा है। बेंगलुरु में जमा 26 दलों ने अपने गठबंधन का नया नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस) रखा है। कांग्रेस नीत यूपीए (यूनाईटेड प्रोग्रेसिव अलायंस) की छतरी के नीचे आगे बढ़ने का फैसला नहीं हुआ, इसका आशय साफ है कि कांग्रेस पर सहयोगियों का भरोसा नहीं है। कांग्रेस पहले की तरह भरोसे के संकट से गुजर रही है। गठबंधन को नया नाम देने के पीछे विपक्षी गठजोड़ में नयापन लाने की मंशा रही होगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने अगले लोकसभा चुनाव के लिए देश के समक्ष एक वैकल्पिक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक एजेंडा पेश करने का ऐलान किया है। विपक्ष ने इंडिया के बैनर तले लोकतंत्र बचाने का संकल्प लिया है, तो सवाल है कि क्या सच में लोकतंत्र खतरे में है या परिवारवादी राजनीति खतरे में है? वर्तमान में केंद्र की राजग सरकार प्रचंड बहुमत की एक चुनी हुई सरकार है, तो इसके अस्तित्व पर सवाल हास्यास्पद है। विपक्ष के 26 दलों में से कम से कम 22 दल परिवारवादी है और भाजपा के विस्तार के बाद से परिवारवादी दलों की राजनीति खतरे में है, ऐसे में इस विपक्षी एकजुटता के पीछे सत्ता की चिंता अधिक दिखती है। जब मकसद सही नहीं हो तो सफलता मिलनी भी संदिग्ध हो जाती है। हालांकि विपक्षी एकजुटता की कवायद से भाजपा दबाव में दिख रही है और शक्ति प्रदर्शन के लिए नई दिल्ली में 38 दलों के साथ राजग की बैठक हुई है। इसमें मिशन 2024 के लिए राजग की भावी रणनीति पर मंथन हुआ है। अभी भाजपा की अगुवाई वाले राजग के पास लोकसभा में 350 से ज्यादा सांसद हैं, जबकि, विपक्ष की बैठक में जितनी पार्टियां शामिल हुईं हैं, उनके पास लगभग 150 सांसद ही हैं। आंकड़े देखें तो पता चलता है कि विपक्षी की बैठक में शामिल हुईं 50 फीसदी से ज्यादा पार्टियों के लोकसभा में एक भी सांसद नहीं हैं, जबकि, राजग की बैठक में शामिल 65 फीसदी पार्टियों के पास लोकसभा में एक भी सांसद नहीं है। ऐसे में आंकड़े गठबंधन की ताकत बयां नहीं करते हैं। इतना तय है कि अभी भाजपा देश में सबसे संगठित, अनुशासित और सर्वाधिक जनाधार वाली पार्टी है, जिसके पास नरेंद्र मोदी जैसा लोकप्रिय चेहरा है। विपक्ष चेहरे की कमी से जूझ रहा है। भाजपा नीत राजग के पास सोशल इंजीनियरिंग भी है, राष्ट्रीय विकास की नीति भी है, परिवर्तन का एजेंडा भी है और राष्ट्र को आगे ले जाने का संकल्प भी है। विपक्ष में इन सबका अभाव है। राजग ने पिछले नौ साल में देश को सोच, चरित्र से इंडिया से भारत बनाने की पूरी कोशिश की है और उसका प्रयास जारी है। विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' रख कर राजग को 'भारत बनाम इंडिया' की राजनीतिक लड़ाई को आगे बढ़ाने का मौका दे दिया है। एनडीए के खिलाफ 'इंडिया' के सामने आने के बाद भी देश की राजनीति में दलों के ध्रुवीकरण की रूपरेखा तैयार होने लगी है, 2024 में पार्टियों के राजनीतिक ध्रुवीकरण देखने को मिलेगा। राजनीति के दो धुव्र बनने की जमीन तैयार हो रही है, जिसका स्वरूप द्विदलीय जैसा अख्तियार करेगा। हालांकि बीआरएस, बीजद और वाईएसएसआर जैसे दलों का स्वतंत्र अस्तित्व भी मैदान में हैं, जो किंगमेकर की भूमिका भी निभा सकते हैं। सबकुछ जनता पर निर्भर है कि अगले चुनाव में वह राजग को फिर मौका देगी या 'इंडिया' को आजमाएगी या कोई और फैसला करेगी?।

# चिट्ठी में छत्तीसगढ़ की पीड़ा



**आज जयंती**
डॉ. सत्यभामा आडिल

सच पूछा जाए तो आज की पॉलिटिक्स बहुत ही घृणास्पद हो गई है। मैं तो इस नतीजे पर पहुंच चुका हूं कि न तो विपक्षी पार्टी से और न सत्तापक्ष से ही जन जागरण या कल्याण हो सकता है। विस्तार में न जाकर इतना ही कहूंगा कि मैंने अपने अंतरंग मित्रों को बताया था कि हम दल की दलदलीय राजनीति में न पड़कर अपने छत्तीसगढ़ जागृति के प्रेरणा स्त्रोत सिलयारी मंडल को इसमें एक नेतृत्व से चलने दें पर जब मनुष्य के सामने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का भूत खड़ा हो जाता है, वह सामूहिक प्रश्नों को तिरोहित कर अपने 'क्षुद्र अहम' को प्रोजेक्ट करता है।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्वपनदृष्टा, साहित्यकार और समाज सुधारक डा. खूबचंद बघेल मौजूदा राजनीतिक-सामाजिक ताना बाना को लेकर बेलाग और बेखौफ अपनी बातें रखते थे। उनका मानना था कि छद्म आवरणधारी शख्सियतों की बदौलत छत्तीसगढ़ आबाद नहीं हो सकता, इसीलिए वे नए संगठन, नई सोच और बदलाव के हिमायती रहे। श्री बघेल जब राज्यसभा सांसद थे, तब उन्होंने छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र मृदा वैज्ञानिक प्रोफेसर मनहर लाल आडिल के पत्र का चार पेज में जवाब भेजा था। स्व. आडिल ने खूबचंद बघेल जी के विचारों से प्रेरणा मिलने का जिक्र करते हुए छग के हालात और जरुरतों का हवाला दिया था। इसी का उन्होंने जवाब भेजा। 1 सितंबर 1966 को लिखे उनके इस पत्र में छत्तीसगढ़ के प्रति उनकी पीड़ा, नजरिया और सोच परलक्षित हो रही है। पत्र के कुछ अंश कुछ ऐसे हैं...


उन्होंने लिखा, '' जहां तक मेरे विचारों से प्रेरणा लेने की बात है तो मैं कहना चाहूंगा कि मेरे अंदर बहुत सी कमजोरियां हैं, जिसे मैं दूर कर सकने में शायद असमर्थ हूं। समय का तकाजा अत्याधिक त्याग, तपस्या, कष्ट सहन और आत्म बलिदान का है। किन्हीं कारणों से वे मेरे अंदर नहीं उभर पाते हैं। आज या तो स्वामी आत्मानंद जैसे संन्यास धारण कर लिया जावे या फिर एक ऐसा संगठन का आधुनिक तरीकों से निर्माण कर लिया जाए, जिससे सुधारक व्यक्ति का इफेक्टिव वाइस लोगों में प्रचारित और प्रसारित हो सके। मैंने दूसरी लाइन से काम शुरू किया था और वह चालू है, लेकिन जोर इसलिए नहीं पकड़ पाता कि मेरे अपने ही आदमी उसे या तो समझ नहीं पाते या मैं समझा नहीं पाता। अभी के वर्तमान प्रश्न को ही लें। हम और प्रेम आज दो खेमों में जा पड़े हैं।

सच पूछा जाए तो आज की पॉलिटिक्स बहुत ही घृणास्पद हो गई है। मैं तो इस नतीजे पर पहुंच चुका हूं कि न तो विपक्षी पार्टी से और न सत्तापक्ष से ही जन जागरण या कल्याण हो सकता है। विस्तार में न जाकर इतना ही कहूंगा कि मैंने अपने अंतरंग मित्रों को बताया था कि हम दल की दलदलीय राजनीति में न पड़कर अपने छत्तीसगढ़ जागृति के प्रेरणा स्त्रोत सिलयारी मंडल को इसमें एक नेतृत्व से चलने दें पर जब मनुष्य के सामने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का भूत खड़ा हो जाता है, वह सामूहिक प्रश्नों को तिरोहित कर अपने 'क्षुद्र अहम' को प्रोजेक्ट करता है। वह फिर यह नहीं सोचता कि समय के तकाजे की पूर्ति मेरे एकाकी 'अहम' से हो सकता है, नहीं। मैं यहां लंबी चरचा नहीं करता। इतना ही कहता हूं कि न तो छग के हित में कोई दल है। कोई अगर हो सकता था तो जागृत आत्माओं का वो दल हो सकता था जिसके हृदय में छग के लिए कुछ कसक, पीड़ा या टीस का अनुभव होता है। पर हम बातें बहुत करके भी अपने आप को धोखा दे जाते हैं, यह समझकर कि मैं अमुक दल में भूमिका अदा कर रहा हूं। हम इस दलगत भावनाओं से जितना शीघ्र ऊपर उठ सकें उतना ही कल्याण होगा। नहीं तो मुझे भविष्य बहुत अंधकारमय दिख रहा है। जहां तक हो सकता है, मैं आंतरिक शक्ति वृद्धि के प्रयत्नों में ही समय लगा रहा हूं। पर आगे क्या हो सकेगा यह परम पिता परमात्मा के इच्छा पर निर्भर है। तो मैं ये कह रहा था कि हमारे युवकों के अंदर व्यापक और गंभीर ढंग से सोचने वालों का एक गठन शीघ्र से शीघ्र होना आवश्यक है।





डॉ. खूबचंद बघेल



अगर आप लोग वास्तविक रूप से कुछ कर गुजरने के पक्ष में हों तो उसके लिये योजनाबद्ध तरीके से बढ़ना होगा। मेरे या किसी के जीवनी प्रकाशित होने से तंद्राग्रस्त छत्तीसगढ़िया जनता की नींद टूटने वाली नहीं है। मेरी शायद लोक प्रतिष्ठा बढ़ जाय, पर यह एक गौण पहलू होगा।''

चिट्ठी में एक जगह डा. खूबचंद बघेल ने छग के शोषकों का जिक्र करते हुए लिखा है-

''इनका किला 26 से छहतर होता जा रहा है और हम क्षीण से क्षीणतर। वह कुछ अपनी अनुभव की दृष्टि से साफ नजर आता है। मुझे माध्यम चाहिए। नेतृत्व का माद्दा तो मुझ में कुछ अंशों से है। इस बाबत मुझे विशेष डर नहीं होता। श्रेय प्रशंसा और ईनाम की जगह पर मैं अपने लेफ्टिनेंट्स को रखूंगा और खतरे के मोर्चे पर पहिले मैं खड़ा दिखाई दूंगा। इसलिए मैं कभी आता नहीं कि गलत-फहमी का शिकार दीर्घ काल तक रह सकूंगा। मुझमें ही कमजोरी होगी तो दूसरे का क्या दोष। पर मैं समझता हूं कि परम पिता ने मुझे यह शक्ति दी है कि मैं अपनी कमजोरी स्पष्ट रूप से लोगों के सामने रख सकूं। मैं उमर के कारण अपनी वर्चस्व यही मानता- मैं तो त्याग तपस्या और बलिदान के व्रती लोगों के सहायक के रूप में पीछे चलने को तैयार रहने का अभिलाषी हूं। पर ऐसे लोग कुछ प्राण और जीवनी शक्ति का तो परिचय दें।''

चिट्ठी के अंत में उन्होंने कहा है- ''सारांश यही है कि हम लोगों में चिंतन-अध्ययन-मनन की सबसे पहली आवश्यकता है। अभी तो आप लोगों को शुद्ध दृष्टि प्राप्त होना जरुरी है और यह सब हो सकेगा सत्संग और कर्म साधना से। चरित्र निर्माण से, आत्मबल से-वही मनोबल आत्मबल का रूप धारण करेगा तब हमें कुछ ...पॉसिबिलिटी दीख पड़ेगे। कबीर की भाषा में कहूं तो यह कहना होगा- कबीरा खड़ा बाजार में, लिए लुकाठी हाथ जो घर फूंके आपनौ, चले हमारे साथ। यदि मानवता के प्रति प्रेम श्रद्धा हो तो वह त्याग की मांग करेगा क्योंकि प्रेम देना ही देना जानता है, लेना नहीं।''

*लेखक हिंदी के साहित्यकार हैं।*

## सारा संसार



मुक्तेश्वर मंदिर भुवनेश्वर में स्थित है। भगवान शिव को समर्पित मुक्तेश्वर मंदिर 10वीं शताब्दी का मंदिर है और कलिंग शैली की स्थापत्य कला का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। मंदिर के शीर्ष पर मौजूद देवताओं की मूर्तियां भी बौद्ध प्रभाव की याद दिलाती हैं।

## राजनीति

बाल मुकुन्द ओझा



# आदिवासी वोटों की सियासत

आगामी लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियां प्रयासरत हैं। चुनाव में जातिगत वोटों का महत्वपूर्ण स्थान है। इसे प्राप्त करने के लिए सियासी दलों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। सत्तारूढ़ भाजपा की नजर देश की 10 प्रतिशत आदिवासी आबादी पर है। पिछले चुनाव में आदिवासियों की आरक्षित 47 सीटों में भाजपा ने 31 सीटें जीती हैं। 2014 में भी 28 सीटें भाजपा को मिली थीं। आदिवासियों के लिए लोकसभा की 47 सीटें आरक्षित हैं। दोनों गठबंधनों को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने में इनका बड़ा योगदान हो सकता है। बीते दो चुनावों से इन पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। कभी इन पर कांग्रेस का प्रभुत्व था। झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत कई दल तो आज भी आदिवासी अस्मिता की राजनीति करते हैं। भाजपा ने द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पर पहुंचा कर आदिवासी मतों पर अपना दावा जताया है। छल, प्रपंच और कपट की सियासत से दूर देश की आदिवासी आबादी आज भी रोजी रोटी के लिए जूझ रही है। आदिवासी आबादी आज़ादी के 76 साल बाद भी आधुनिक सभ्यता और प्रगति से दूर रहकर जंगलों में निवास करती है। जमीन होते हुए भी जमीन हीन है। आज भी उनका खाना मोटा है। जंगल के इलाकों में रहने के कारण सरकार संचालित विकास योजनाएं इन तक नहीं पहुंच पाती। केंद्र और राज्य सरकार की रोजगार गारंटी योजना सहित दूसरी योजनाओं से ये आदिवासी पूरी तरह दूर हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में कुपोषण और बीमारी इनके लिए जानलेवा साबित हो रही है। मानव की मूल जरूरत साफ पानी भी इन लोगों को उपलब्ध नहीं होता। आदिवासी शब्द प्राचीन काल से निवास करने वाली जातियों के लिए प्रयोग किया जाता है। आदिवासी शब्द आदि और वासी दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका अर्थ अनादि काल से किसी भौगोलिक स्थान में वास करने वाला व्यक्ति या समुदाय होता है। आजादी के बाद एक लम्बी जद्दोजहद के बाद भी यह तय नहीं हो पाया की हमारे देश में आदिवासी कौन है। भारत में अनुसूचित आदिवासी समूहों की संख्या 700 से अधिक है। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार आदिवासियों की संख्या 1,91, 11, 498 थी जो 2001 की जनगणना के अनुसार 8,43,26,240 हो गई। वर्तमान में देश में लगभग 11 करोड़ आदिवासियों की आबादी है और विभिन्न आंकड़ों की मानें तो हर दसवां आदिवासी अपनी जमीन से विस्थापित है। धरती पर सबसे पहले सभ्य होने वाली यही जनजातियां ही थीं, लेकिन विडंबना यह है कि उनके बाद सभ्यता का मुंह देखने वाली जातियां आज उन्हें आदिवासी कहने लगी हैं। पौराणिक और धार्मिक ग्रंथों में इन्हें अत्विका और वनवासी भी कहा गया है। महात्मा गांधी ने आदिवासियों को गिरिजन ;पहाड़ पर रहने वाले लोगद्ध कहकर पुकारा है। आदिवासी भारत के मूल निवासी हैं जो अनंतकाल से यहां निवास करते हैं। आदिवासी समाज जंगलों के वास्तविक रक्षक हैए क्यों कि इनका भोजन कंद मूल तथा जंगली फल हुआ करता था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संबंध को रखना है स्ट्रांग, तो यह रखें ध्यान



संकलित
**दर्शन**

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आपदा की घड़ी में इंसानियत का परिचय दें

हिमाचल और उत्तराखंड की पहचान पूरी दुनिया में ईमानदारी, मेहनत और इनसानियत के रूप में है। यह देवभूमि और पर्यटन के लिए भी दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस बार गर्मियों के मौसम में भी पर्यटक दूर-दूर से आए, लेकिन बहुत ही दुख की बात है कि इस बार कुदरत का कहर बारिश के रूप में इस कदर बरपा कि यह कहर धरती के स्वर्ग कहलाने वाले इन दोनों प्रदेश के बहुत से लोगों के लिए आफत बना। कुछ पर्यटकों को भारी नुकसान भी उठाना पड़ा। दोनों प्रदेश इस समय प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हैं। इससे करोड़ों का नुकसान भी हुआ। इस प्राकृतिक आपदा से उबरने के लिए अभी समय लगेगा। आपदा की इस घड़ी में जो पर्यटक इस आपदा की चपेट में आए हैं, उनकी मदद करनी चाहिए। *– मोहन वर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड


### रिफंड पोर्टल लॉन्च किया



मोदी सरकार ने आज करोड़ों लोगों को आशा की नई किरण दी है। सहारा सहकारी समितियों में जिन लोगों के रुपये फंसे हुए थे, उन्हें अब पारदर्शी तरीके से उनके रुपये वापस मिलेंगे। इसके लिए 'सहारा रिफंड पोर्टल' लॉन्च किया हैं।

-अमित शाह, गृह मंत्री


### दयालु विश्व का आगमन



दयालु समुदायों के 180 से अधिक कार्यकर्ता और युवा नेता यहां तीन दिवसीय कार्यशाला के लिए एकत्र हुए हैं, जिससे एक दयालु विश्व का आगमन हो रहा है। बाला आश्रम जयपुर एक साझा सपने, साझा कार्यों और साझा समाधानों के लिए साझा संकल्प।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### सौहार्दता पसंदीदा विषय



सौहार्दता मेरा पसंदीदा विषय है। मनुष्य के रूप में हमारी माताओं ने हमें जन्म दिया और हम उनकी देखभाल और स्नेह के कारण जीवित रहे। सौहार्दता न केवल मानव के लिए महत्वपूर्ण कारक है, बल्कि जीने में सक्षम होने का आधार भी है।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### 26 पार्टियां एकजुट



मुझे खुशी है कि बेंगलुरु में 26 पार्टियां एकजुट होकर काम करने के लिए मौजूद हैं। हम सब मिलकर आज 11 राज्यों में सरकार में हैं। बीजेपी को अकेले 303 सीटें नहीं मिलीं। उसने अपने सहयोगियों के वोटों का इस्तेमाल किया और सत्ता में आई और फिर उन्हें त्याग दिया।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष




## करंट अफेयर

# अमेरिका ने भारत को 105 प्राचीन वस्तुएं सौंपी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के कुछ दिन बाद दूसरी-तीसरी शताब्दी ईस्वी से लेकर 18वीं-19वीं शताब्दी ईस्वी तक की कुल 105 प्राचीन वस्तुओं को अमेरिकी अधिकारियों की ओर से भारत को वापस भेजा जा रहा है।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू, महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल और मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अमेरिका द्वारा कुछ मूल्यवान भारतीय प्राचीन वस्तुएं सौंपी गईं। संधू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'भारत वापस भेजी जा रहीं ये प्राचीन वस्तुएं सिर्फ कला का ही नहीं बल्कि हमारी विरासत, संस्कृति और धर्म का भी हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा कि इन प्राचीन वस्तुओं को जल्द ही भारत ले जाया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुल 105 कलाकृतियां हैं, जिनमें से 47 पूर्वी भारत से, 27 दक्षिणी भारत से, 22 मध्य भारत से, छह उत्तरी भारत से और तीन पश्चिमी भारत से हैं। इसमें कहा गया है कि दूसरी-तीसरी शताब्दी ईस्वी से लेकर 18वीं-19वीं शताब्दी ईस्वी तक की अवधि की ये कलाकृतियां टेराकोटा, पत्थर, धातु और लकड़ी से बनी हैं।

## ऑफ बीट

# एआई आपकी आवाज से कर सकता है धोखेबाजी



किसी की आवाज़ की यथार्थवादी प्रतिलिपि बनाने के लिए आपको एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए डेटा की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि आपके इच्छित लक्ष्य की आवाज़ की बहुत सारी ऑडियो रिकॉर्डिंग होना। व्यक्ति की आवाज़ के जितने अधिक उदाहरण आप एल्गोरिदम में डाल सकते हैं, अंतिम प्रतिलिपि उतनी ही बेहतर और अधिक विश्वसनीय होगी। हम में से कई लोग पहले से ही अपने दैनिक जीवन का विवरण इंटरनेट पर साझा करते हैं। इसका मतलब यह है कि किसी आवाज़ की यथार्थवादी प्रतिलिपि बनाने के लिए आवश्यक ऑडियो डेटा सोशल मीडिया पर आसानी से उपलब्ध हो सकता है। लेकिन एक बार कॉपी बाहर आ जाने पर क्या होता है? सबसे बुरा क्या हो सकता है? एक डीपफेक एल्गोरिदम डेटा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को 'आप' से जो चाहे कहलवाने में सक्षम कर सकता है। व्यवहार में, यह उतना ही सरल हो सकता है जितना कि कुछ लिखना और कंप्यूटर से उसे आपकी आवाज़ के अनुरूप ज़ोर से बोलना। बड़ी चुनौतियां यह क्षमता ऑडियो गलत सूचना और दुष्प्रचार के प्रसार को बढ़ाने का जोखिम अपने साथ लाती है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# नवीन कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव भी सम्पन्न हुआ

# परमार्थ सेवा समिति का 6वां स्थापना दिवस समारोह मनाया







सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** परमार्थ सेवा समिति बाड़ी का 6 वां स्थापना दिवस समारोह 17 जुलाई 2023 सोमवार अमावस्या को श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर बसेड़ी पर समिति द्वारा बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यकम में भंडारा, साधु संत सेवा, एवं वृक्षारोपण किया गया एवं भोजन प्रसादी वितरित की गई साधु संत सेवा की गई एवं पेड़ भी लगाए गए। इसी के साथ नवीन कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव भी सम्पन्न हुआ इसमें अध्यक्ष बंटू गर्ग (सतीश) नादनपुर वाले, उपाध्यक्ष मनीष गर्ग कांकरई वाले, सचिव रिंकू गर्ग सरमथुरा वाले, कोषाध्यक्ष रामकुमार बंसल ममोधनियां

निर्विरोध निर्वाचित हुए। एवं महिला इकाई अध्यक्ष सविता गर्ग सचिव शशि मंगल कोषाध्यक्ष सुनीता जिंदल सर्वसम्मति से चुनी गई निर्वाचन अधिकारी प्रदीप बंसल पंसारी रहे। कार्यकम का संचालन विनोद जिंदल एडवोकेट ने किया। आगामी कार्यक्रम प्रथम निशुल्क अग्रवाल सामूहिक विवाह सम्मेलन 2024 में बाड़ी में करने का निर्णय किया गया कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गर्ग सचिव रवि मोदी उपाध्यक्ष शिवशंकर मंगल कोषाध्यक्ष रामकुमार बंसल दिलीप मित्तल पवन गोयल भानु मंगल प्रवीण मंगल प्रमोद गर्ग कमलेश मंगल श्याम सिंघल ममता मोदी अनुराधा गर्ग सोनिया गर्ग मालती बंसल शशि बंसल मंजू मंगल नीतू गोयल अंजना मित्तल सुमन गर्ग पूनम गर्ग व समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे इसी के साथ सभी ने शिवलिंग पर जल, पुष्प एवं बेलपत्र अर्पित कर कार्यकम का समापन किया

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### महीनों से खराब पड़े वाटर कूलर को ठीक कराने के लिए डीन को सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर। (विनोद धायल)** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में पिछले 6 महीनों से खराब पड़े वाटर कूलर को सही कराने के लिए छात्र नेता मनीष चौधरी ने एकेडमी समन्वयक (डीन) अनिल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता मनीष चौधरी ने एकेडमी समन्वयक को विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की अनेकों समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि पिछले 6 महीने से वाटर कूलर खराब है, गर्मी का समय है 4 बजे बाद अस्थाई वाटर टंकी में पानी खत्म हो जाता है इसलिए केन की संख्या बढ़ाई जाए। विद्यार्थियों के एग्जाम चल रहे हैं एग्जाम रूम से टॉयलेट रूम लगभग 200 मीटर की दूरी पर मौजूद है ऐसे में छात्र छात्राओं के एग्जाम के समय 10 से 15 मिनट खराब हो जाते हैं इसलिए एग्जाम रूम के नजदीक में कई महीनों से बंद टॉयलेट रूम को खोला जाए। एकेडमिक समन्वयक अनिल मिश्रा ने छात्र नेता मनीष चौधरी की समस्या को सुनते हुए तुरंत वाटर कूलर को ठीक कराने का आश्वासन दिया है साथ ही अन्य समस्या का भी जल्द समाधान करने की बात कही है।



### श्री द्रोणेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** सावन मास के दूसरे सोमवार वह सोमवती अमावस्या पर श्री द्रोणेश्वर महादेव मंदिर अब्दलपुर पर समिति के अध्यक्ष बहादुर प्रसाद मंगल के तत्वाधान में संजय पुत्र जमुना प्रसाद बाड़ी के द्वारा मंदिर पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तजनों ने प्रेम पूर्वक प्रसादी ग्रहण की और भोले बाबा के जयकारे लगाए जिससे पूरा द्रोणेश्वर धाम बम बम भोले जयकारों से गुंजायमान हो गया इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी भक्तगण विष्णु प्रसाद सिंघल सनौरा वाले राकेश गर्ग सूरज मंगल हरिओम बाघथर भगवानदास बरौली वाले सुनील गर्ग मोटर पार्ट्स वाले मदन मोहन जपावली वाले विनोद नगरा दूल्हे का वाले रामकुमार नगला दूल्हे का वाले त्रिलोकचंद गर्ग हरिओम गर्ग हरि सिंह अब्दुलपुर वाले मुन्नू भरत सिंह अजय मंगल अब्दलपुर वाले द्रोणेश्वर महादेव धाम के सभी संत व स्कूल स्टाफ व बच्चों के साथ सभी भक्त गण उपस्थित रहे

### जिला अग्रवाल महिला संगठन ने मनाई हरियाली तीज किया पौधों का वितरण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** जिला अग्रवाल महिला संगठन धौलपुर के द्वारा हरियाली अमावस्या को एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरे रंग के परिधानों में सज संवर कर पहुंची संगठन के पदाधिकारी तथा सदस्यों सहित महिलाओं ने हरियाली तीज की महत्ता का गुणगान करने के साथ-साथ अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर उनकी देखभाल कर धरती को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। इसी क्रम में जयपुर में हो रहे अग्र महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाकुंभ को सफल बनाने का निर्णय लिया। जिला अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने हरियाली अमावस्या की बधाई देते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर अग्र महाकुंभ को सफल बनाने की सबकी सहमति ली। कई महिलाओं को पौधे वितरित करने के साथ-साथ कार्यक्रम में पधारे समस्त महिलाओं को भी पौधे वितरित किए और उन्हें अपने आसपास व घर पर लगाकर अच्छी तरह से देखभाल कर बड़ा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रजनी गोयल, इकाई अध्यक्ष रागिनी अग्रवाल, जिला मंत्री नेहा मंगल, शालिनी बंसल, बृजेश गोयल, ममता मोदी, शिल्पी अग्रवाल, सरिता सिंघल, भावना मोदी, कमलेश गर्ग, मंजू मंगल, सरिता गोयल, भावना गर्ग, अंजू सिंघल, मंजू सिंघल, रेखा मोदी, राधा मोदी, शोभा गर्ग, आदि महिलाएं उपस्थित रही

### जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने पदभार ग्रहण किया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने मंगलवार को मध्यान्ह पूर्व जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सीकर का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे श्रीगंगानगर से जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के पद से स्थानान्तरित होकर आए है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर राकेश कुमार ने जिला कलेक्टर स्वामी को पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर की अगवानी कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सहायक निदेशक सांख्यिकी डॉ. अनिल शर्मा, एपीआर राकेश कुमार ढाका, जिला कलेक्टर के निजी सहायक सर्वेश माथुर, सूचना सहायक प्रवीण जांगिड़, सांवरमल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मुकेश माथुर उपस्थित रहें।



## शिविर मे 345 मूक बधिर बच्चों का किया हेल्थ चेक अप

# स्वीटस वॉइस मूक बधिर स्कूल में स्वर्ण प्राशन व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

### पुष्य नक्षत्र पर मूक बधिर बच्चों को सुवर्णप्राशन दवा पिलाने ने बच्चों का होता है सर्वागीण विकास






सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** ग्रामपंचायत आलीसर ग्राम चारणवास स्थित स्वीट्स वॉइस मूक बधिर स्कूल में मंगलवार को निःशुल्क स्वर्णप्राशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एमजेएफ चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी ने मूक बधिर बच्चों को स्वर्णप्राशन की दवा पिलाकर किया। उन्होने कहा कि पुष्य नक्षत्र पर बच्चों को सुवर्णप्राशन की दवा पिलाने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक के साथ साथ सर्वांगीण विकास होता है। शिविर प्रभारी डॉ अनुकृति गौड, डॉ अर्चना भांगरे, डॉ जेबा खान ने बताया कि शिविर में स्वर्ण प्राशन को स्वर्ण प्राशन करवाया गया है जिससे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जिससे बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है। शिविर में बच्चों को स्वर्ण प्राशन के साथ-साथ उनका ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बी.पी, वजन एवं लंबाई की जांच की गई। शिविर में करीब 345 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई व उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर मूक बधिर संस्था के निदेशक अजीत सिंह पालावत प्रदीप सिंह पलावत सचिव, भागीरथ सिंह प्राचार्य, जे.पी. गुर्जर, डॉ.अम्बुज कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, सीताराम, ब्रजराज बहादुर, सागरमलजी, किरण चौहान, माया, रश्मि, विजय सिंह प्रवीण, राकेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### बीकानेर में निगम की फिर कार्रवाई : शॉपिंग मॉल,शोरूम सहित चार बिल्डिंग हुई सीज

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** नगर निगम ने बकाया नगरीय कर नहीं चुकाने पर चार व्यवसायिक परिसरों को सीज किया है। नगरीय कर जमा नहीं करवाने पर कोटगेट के पास स्थित शॉपिंग मॉल, पंचशती सर्किल पर स्थित एक शोरूम, गंगा शहर के चोरड़िया चौक स्थित एक बिल्डिंग, शार्दुल कॉलोनी में बन रहे व्यावसायिक कांपलेक्स को सीज किया है। दरअसल बकाया नगरीय कर जमा करवाने के लिए निगम की ओर से बार बार नोटिस देने पर भी नगरीय कर नहीं चुकाने के कारण इन सभी व्यवसायिक बिल्डिंग्स पर आज सुबह सीज की कार्रवाई की गई है। निगम की टीम ने निगम इस कार्रवाई के दौरान निगम उपायुक्त हंसा मीणा और होमगार्ड इंचार्ज ऋषिराज सहित होमगार्ड जवान मौजूद थे।



### देर रात हुआ हादसा गई जान, एक दर्जन हुए घायल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जिले के नाल थाना क्षेत्र में हुए हादसे में दो जनों की मौत हो गई है। जबकि 12 जने घायल हो गये है। जिन्हें पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी मिली है कि कोलायत से बीकानेर आ रही इस बस का गजनेर-कोडमदेसर के बीच यह हादसा हुआ। जिसमें बस की छत पर बैठे 14 लोग भारी वाहनों के प्रवेश के लिये बनाएं गए गार्डर से टकरा गये। इस हादसे में दो जनों की अस्पातल ले जाते समय मौत हो गई। इनमें से एक ठंठेरा मोहल्ला का 32 वर्षीय अजय है, जबकि दूसरे की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं इस हादसे में पंकज, महेश, हरखचंद, गोपाल, जीतू, ओमप्रकाश सहित एक दर्जन लोग घायल भी हुए है। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल, एसपी तेजस्वनी गौतम सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गये।

### जाजोद में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन, 151 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम पंचायत जाजोद में मंगलवार को श्री धाम वृंदावन से पधारे 8 वर्षीय बाल व्यास श्री गोपीकृष्ण शरणजी महाराज के द्वारा जाजोद में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें 151 महिलाओं ने डीजे के साथ नाचते गाते भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा गाँव के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। गोपीकृष्ण शरणजी महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा 18 जुलाई से 25 जुलाई तक जीण माता मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासी जाजोद खेड़ी के जन सहयोग से होगी। गोपीकृष्ण शरणजी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा का महात्मय गोकर्ण उपाख्यान धुंधकारी की मुक्ति बडी सरल भाषा में सुनाई व श्रावण मास में कथा सुनने से क्या लाभ होता है इसके बारे में भक्तों को जानकारी दी गई। इस दौरान कई संख्या में महिलाएं पुरुष सहित समस्त ग्रामीण जन मौजूद रहे।

अलवर जाते समय दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर...

### भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का किया भव्य स्वागत





**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीणा ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के पिनान कस्बे के नजदीक दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को वसुन्धरा राजे सिन्धिया पूर्व मुख्यमंत्री का अलवर जाते समय पिनान टोल प्लाजा पर राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाईयो के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। एक्सप्रेस वे पर स्वागत करने मे पूर्व एमएलए प्रत्याशी विजय समर्थ लाल मीणा व पूर्व प्रधान देवकरण मीणा, पूर्व एमएलए कैंडिडेट सुनीता पी आर मीणा बवेली, ओम प्रकाश घेसल्या , माचाड़ी मंडल अध्यक्ष , बनवारी लाल मीणा , जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा रघुवीर दयाल सैनी पिनान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सेन पिनान जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा शेखर तंबोली पूर्व मंडल अध्यक्ष माचाडी किशन बटवाड़ा रामस्वरूप जांगिड़ माचाड़ी राकेश शर्मा मंडल अध्यक्ष रैणी, राम सिंह दिनकर मंडल अध्यक्ष बिचगाव प्रभु दयाल शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजगढ़ खूबी राम जाट अमर सिंह चौधरी पिनान प्रमोद शर्मा पूर्व पार्षद राजगढ़ लोकेश रावत डोरोली, रघुवीर दयाल सैनी पिनान जिला मंत्री भाजपा ओ बी सी मोर्चा अलवर दक्षिण सहित सैकड़ों भाजप कार्यकताओं की मौजूदगी मे स्वागत सत्कार किया।

# राजस्थान पर्यटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ पहुंचे ब्यावर

### हिमाचल त्रासदी के परिजनों को दी सांत्वना , चारों मृतकों को श्रद्धा सुमन किए अर्पित

#### शेष तीन लापता युवकों को शीघ्र ढूंढने का दिया आश्वासन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजस्थान पर्यटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड मंगलवार को ब्यावर पहुंचे । जहां उन्होने हिमाचल त्रासदी में काल कवलित हुए शहर के चार युवकों के निवास स्थान पर पहुंचकर चारों मृतकों को श्रद्धांजली दी व मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना प्रदान की । साथ ही राठौड लापता युवकों के निवास स्थान पर पहुँचकर युवकों के शीघ्र कुशलतापूर्वक घर पहुंचने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की । बता दे कि राठौड सबसे पहले चैत्य सांखला के निवास पर पहुंचें जहां पर उन्होने परिजनो से पूरी जानकारी ली उसके बाद इस पूरे घटनाक्रम में सभी परिजनो की हरसंभव सहायता कर रहे कांग्रेस नेता मनोज चौहान से राज्य सरकार और हिमाचल सरकार द्वारा जो व्यवस्था की गई उसके बारे में जानकारी प्राप्त की ।



उसके बाद राठौड़ ने परिजनों को विश्वास दिलाया की राजस्थान के मुख्यमंत्री इस तरह की घटनाओ के प्रति संवेदनशील है और सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की तरफ से हर संभव मदद दिलायी जायेगी । राठौड़ ने हिमाचल सरकार के केबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह से मौके पर ही परिजनों के मध्य बात की और लापता युवको की तलाश तेजी से करने का आग्रह किया । जिस पर मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आश्वस्त किया की लापता युवको को शीघ्र ही ढूंढने के लिये रेस्क्यू तेजी से करना प्रारम्भ करवा देगे और भी हिमाचल सरकार इस त्रासदी में लापता घायल एवं मृतकों के परिवार के साथ है और हर संभव मदद करने के लिये तैयार है । राठौड़ ने कहा की लापता युवकों को ढूँढने में सरकार की तरफ से भी हर तरह का प्रयास करता रहूँगा । राठौड को सभी परिजनो के द्वारा कांग्रेस नेता मनोज चौहान के द्वारा राज्य सरकार और हिमाचल सरकार के अधिकारियो से लगातार संपर्क करने और हमारी सहायता करने की जानकारी भी राठौड को दी । राठौड के साथ कांग्रेस नेता मनोज चौहान, नोरत गुर्जर पार्षद अजमेर, शैलेन्द्र अग्रवाल ब्लॉक अध्यक्ष अजमेर, शैलेश शर्मा, भगवानाराम विश्नोई, पार्षद राजेन्द्र तुनगारिया, रामनिवास सेन, जीवराज जावा, अजमेर देहात प्रदेश महासचिव नितेश यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महासचिव हनुमान सिंह रावत नीरज घावरी, जयदीप रावत हनीश मारोठिया सहित शहर के अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के हर जन सरोकार के कार्यो में शामिल हो रहे रैणी प्रधान प्रतिनिधि...

# रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना क्षेत्र में बना रहे पकड़, लगातार आमजन से बना रहे मजबूत सम्पर्क






सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ-लक्षमणगढ विधानसभा क्षेत्र की रैणी पंचायत समिति प्रधान मीरा मांगेलाल मीना के पति मांगेलाल मीना है जो रिटायर्ड चीफ इंजीनियर है, पीडब्लूडी विभाग से वो आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए इन दिनों राजगढ-लक्षमणगढ विधानसभा क्षेत्र मे आमजन से लगातार सम्पर्क में है और दिन रात फील्ड मे रहकर मेहनत कर रहे है तथा आमजन के सुख-दुख मे व शादी विवाह कार्यक्रम व किसी भी तरह का किसी भी समाज मे कोई भी कार्यक्रम होता है तो प्रधान प्रतिनिधी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर जरूर आते है इस बात की क्षेत्र मे भी चर्चा बनी हुई है कि रैणी प्रधान सर्वसमाज के सभी कार्यक्रमों मे जरूर आते जाते रहते है। ऐसा ही देखने को मिला हरियाली अमावस्या को भी सारे दिन ही रैणी प्रधान प्रतिनिधी रैणी-राजगढ व लक्षमणगढ उपखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे सर्वसमाज के विभिन्न कार्यक्रमो मे शामिल होते रहे और क्षेत्र मे आमजन से मिलते रहे तथा मन दुख की बातचीत की। मिडिया को बताया गया कि इस दौरान रैणी सरपंच संघ अध्यक्ष हरिप्रसाद मीना, गोकुल राम मीना जिला पार्षद, रामखिलारी मीना रिटायर्ड मैनेजर अलेई सहित अनेक गणमान्य नागरिको से मुलाकात हुई और क्षेत्र मे सभी ने जोरदार स्वागत सत्कार व मान सम्मान दिया जिसके लिए हम सदैव उनके आभारी है और रहेंगे। मिडिया को ऐसी जानकारी क्षेत्र मे आमजन के द्वारा भी दी जाती रहती है।

नगर निगम ग्रेटर के वार्ड संख्या 7 के गोपी नगर में लंबे समय से बनी हुई है समस्या

## पार्षद ने लगाई गुहार : जल समस्या के संकट से कराया अवगत

- गोपी नगर और नीलगिरी कॉलोनी के बाशिंदों के साथ पूर्व में पार्षद प्रतिनिधि ने सौंपा था ज्ञापन
- निराकरण हेतु एक बार पुनः पार्षद संतोष कैलाश अग्रवाल मिले जलदाय विभाग एक्सईएन कटारा से



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मुरलीपुरा/राजेंद्र शर्मा।** नगर निगम ग्रेटर वार्ड संख्या 7 के मुरलीपुरा क्षेत्र में गोपी नगर और निलगिरी कॉलोनी के रहवासियों ने पूर्व में 01 मई 2023 को पानी की समस्या से निजात और पाइप लाइन के अधूरे टुकड़े जुड़वाने बाबत ज्ञापन सौंपा था जिसके सन्दर्भ में कोई सुनवाई ना होने से कॉलोनीवासियों को आज भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते पार्षद संतोष अग्रवाल के प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल ने कॉलोनी वासियों की समस्या को जानकर एक बार पुनः जलदाय विभाग के एक्सईएन के सामने रूबरू होते हुए समस्या से अवगत कराया और निजात की गुहार लगाई। हर दिन पानी की समस्या का सामना कॉलोनी वासियों को करना पड़ रहा है, गोपी नगर के कई हिस्सों में आधी-अधूरी पाइपलाइन होने से कॉलोनीवासियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। गोपी नगर रहवासियों ने गत दिवस पार्षद कार्यालय जाकर पार्षद संतोष अग्रवाल को समस्या से अवगत कराया। समस्या को गंभीरता से मानते हुए पार्षद प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल ने कॉलोनी वासियों के साथ एक्सईएन कार्यालय जाकर एक्सईएन कटारा को पाइप लाइन डलवाने का आग्रह करते हुए लिखित में ज्ञापन सौंपा था किंतु कोई निजात ना मिलने से परेशान जनता ने एक बार पुनः लाइन डलवाने का आग्रह किया। इस मौके पर नीलगिरी विकास समिति अध्यक्ष आशूसिंह जोधा, गोपी नगर के दीनदयाल पारीक, लक्ष्य अग्रवाल सहित कई कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

## दूषित सब्जी खाने से 6 लोगों की बिगड़ी तबीयत

**धौलपुर।** सदर थाना इलाके के सरानी खेड़ा गांव में सोमवार रात एक परिवार के 6 सदस्यों की दूषित सब्जी खाने से तबीयत बिगड़ गई। पेट में दर्द और चक्कर आने के बाद परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है।परिजनों ने बताया कि सोमवार रात घर का मुखिया अमर सिंह आलू गोभी खरीद कर लाया था। जिसे बनाने के बाद आलू गोभी की सब्जी का घर के सभी सदस्यों ने सेवन किया था। रात करीब 2 बजे के बाद एक के बाद एक सदस्य के पेट में दर्द, चक्कर और बीपी की शिकायत शुरू हो गई। लगातार घर के सदस्यों की तबीयत बिगड़ने पर अन्य परिजनों के हाथ पैर फूल गए। मंगलवार को टेंपो द्वारा सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## संस्कार और खुशियां : खुले आसमान के नीचे कैक काट बांटी खुशियां

*झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों संग चंदा कुमावत ने पोते के जन्मदिन की बांटी खुशियां*



### निर्धन बच्चों ने कैक खाकर दिया खुशियों के पल में आशीर्वाद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ज्योति गुप्ता।** मुरलीपुरा रोड़ नंबर एक स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले अनाथ बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के बच्चों के बीच आशा की नई किरण संस्था की अध्यक्ष चंदा कुमावत ने सोमवार को पोते मीत कुमावत का जन्मदिन का केक काटकर खुशियां बांटी। मीत कुमावत के तीसरे जन्मदिन का केक कटते ही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हैप्पी बर्थडे टू यू के गाने से परिसर को गुंजा दिया। आशा की नई किरण संस्था की अध्यक्ष चंदा कुमावत ने कहा कि संस्था की ओर से सभी सदस्य और उनके अपनों का जन्मदिन अक्सर जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के बीच मनाते हैं। इन बच्चों के बीच में अपनी खुशी बांटते हैं तो उसको शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर उनके सपनों की मुस्कान होती है। वहीं संस्था की कोषाध्यक्ष निकिता कुमावत ने कहा कि बेटे मीत का जन्मदिन झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के बीच मनाने का विचार आया तो सब लोगों ने सराया और जन्मदिन पर फिजूल खर्चा ना करके बच्चों के बीच मनाया बहुत अच्छा लगा। इन बच्चों को प्यार की जरूरत है। इनमें कई ऐसे बच्चे हैं जो भविष्य में देश के अच्छे नागरिक बनेंगे। इन बच्चों की हंसी में कई तोहफे मिलते हैं। इस दौरान हेमंत कुमावत, अनु कुमावत, कमलेश कुमार कुमावत, विजेंद्र सिंह, सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## कलयुग में पार्थिव शिव लिंग की पूजा का महत्व : शिवेंद्र स्वरूप जी महाराज

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शिव महापुराण कथा के द्वितीय सत्र की कथा में ब्रह्मचारी शिवेंद्र स्वरूप जी महाराज ने कलयुग में पार्थिव शिव लिंग की पूजा का महत्व बताया एवं किस सक्रांति में किस शिवलिंग का पूजन होना चाहिए इसकी व्याख्या बताई एवं भगवान शंकर नमः शिवाय के जाप करने का महत्व बताया। आज की कथा के यजमान दयाशंकर तिवाड़ी ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया। इस अवसर पर बीकानेर के संभ्रांत नागरिक जानकी नारायण श्रीमाली, एवं श्रीडूंगरगढ़ से बजरंगलाल पुरोहित का अभिनंदन किया गया। कथा में दामोदर जोशी, सुनील जोशी, कैलाश पारीक, तुलसीदास व्यास, मनोज पारीक, मदन मोहन, महिला मंडल में यशोदा, शक्ति, मंजू और ललिता आदि अनेक कार्यकताओं ने सेवाएं प्रदान की।

## अदभुत और रोमांचक दुनिया

*दिमाग-फेफड़ों में डाल लेते हैं डेरा, महिलाओं में घट जाती है प्रजनन क्षमता*

# इंसानों के शरीर में पलते 300 तरह के कीड़े




**15000 सालों से लोगों का खून चूस रहे**

साइंस डेस्क

एक शोध के अनुसार इंसान के शरीर में 300 तरह के परजीवी पाए जाते हैं। इनमें 70 से ज्यादा प्रजातियां तो सिर्फ प्रोटोजोआ प्रजाति के कीड़ों की हैं। दुनिया भर में लगभग 350 करोड़ लोगों के पेट में कीड़े हैं, जिनसे हर साल लाखों व्यक्तियों की जान चली जाती है। अमेरिकी हेल्थ एजेंसी 'सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन' के मुताबिक ये परजीवी कीड़े लोगों को गंभीर बीमारियों का शिकार बना देते हैं। बरसात के मौसम में खास तौर पर इन कीड़ों के इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इनमें से कुछ कीड़े आंखों से नहीं दिखते तो कुछ इंसानों के शरीर के भीतर ही 80 फुट तक लंबे हो सकते हैं।

### 2 साल में 22 लीटर खून पी गए हुकवर्म

2018 में दिल्ली के ही एक अस्पताल में 14 साल के बच्चे को भर्ती किया गया। खून की कमी होने से उसे बार-बार एनीमिया हो रहा था। 2 यूनिट में उसे 22 लीटर खून चढ़ाया गया। वह लगातार 6 महीने तक अस्पताल में भर्ती रहा, लेकिन एनीमिया की वजह पता नहीं चल रही थी। डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी के जरिए उसकी आंत में कैमरा भेजा तो पता चला कि वहां हुकवर्म हैं, जो बच्चे का सारा खून चूस रहे हैं। तब दवाएं देकर कीड़ों को मारा गया। आधे इंच तक लंबे ये कीड़े अपने हुक जैसे दांतों को छोटी आंत में गड़ाकर उससे चिपके रहते हैं। खून पीने के साथ आंत को भी डैमेज करते हैं। इनके अंडे भी मल के साथ बाहर आकर हर जगह फैल जाते हैं।

### पुराना इतिहास


हजारों साल से ये कीड़े इंसानों का खून चूस रहे हैं। ये दिमाग तक पर हमला करते हैं। हड्डियों के जोड़ों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। पांच हजार साल पहले इजिप्ट व चीन और साढ़े 4 हजार साल पहले भारत के चिकित्सकों ने इन पैरासाइट्स से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। 3200 साल पुरानी एक ममी के पेट में भी इन कीड़ों के अंडे पाए गए। पेरू में सवा 4 हजार साल पुराने मानव मल में भी इन कीड़ों के अंडे मिले। बायोमेडिकल जर्नल पीएमसी के मुताबिक 15 हजार साल पहले 'हिमयुग' में इंसान अफ्रीका से बाहर निकलकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचने लगे। इस सफर के दौरान तरह-तरह के अनगिनत पैरासाइट्स ने मानव शरीर को अपना घर बनाया। अफ्रीका से गुलामों की खरीद-फरोख्त और दास प्रथा ने भी परजीवियों के इन्फेक्शन को बढ़ावा दिया।

### पूरे शरीर में रेंगते हैं 'स्ट्रॉन्गाइलोइड्स स्टेरकोरेलिस'

ये भी एक तरह के राउंडवर्म होते हैं, जिससे स्ट्रांगिलोइडियासिस नाम की बीमारी हो सकती है। जिसमें इसके लार्वा स्किन के अंदर ही अंदर पूरे शरीर में रेंगते हैं। जिससे जगह-जगह लाल चकते पड़ जाते हैं। इनके अंडे भी आंतों से निकलकर दूसरों तक पहुंचते हैं और इन्फेक्शन के लक्षण हुकवर्म से मिलते-जुलते हैं। साथ ही सीने में जलन और कब्ज की शिकायत भी हो जाती है।

### व्हिपवर्म बाहर आ जाता है आंत का हिस्सा

ये कीड़े 3 से 5 सेंटिमीटर लंबे होते हैं और पेट के अंदर 3 साल तक जिंदा रहते हैं। मादा व्हिपवर्म दो महीने में अंडे देने लायक हो जाती है और एक बार में 20 हजार तक अंडे दे सकती है। जब तक स्थिति गंभीर न हो जाए, इसके इन्फेक्शन के लक्षण नहीं दिखते। व्हिपवर्म की वजह से मलाशय यानी बड़ी आंत का निचला हिस्सा बढ़कर शरीर से बाहर लटक जाता है। जिसे रेक्टल प्रोलैप्स कहते हैं। मल के साथ खून और बलगम जैसा पदार्थ बाहर निकलता है। शौच के दौरान मरीज को तकलीफ होती है।



### तीन श्रेणी

इन कीड़ों को प्रमुख तौर पर 3 श्रेणियों में बांटा जाता है: प्रोटोजोआ, हेलमिन्थ्स और एक्टोपैरासाइट्स। इनमें से एक्टोपैरासाइट्स शरीर से बाहर रहते हैं, जैसे जूं और पिस्सू, लेकिन प्रोटोजोआ और हेलमिन्थ्स बॉडी के अंदर पहुंचकर अपना डेरा जमा लेते हैं।

### ऐसे पहुंचते हैं शरीर में

हेलमिन्थ्स अक्सर मिट्टी में रहते हैं और मौका मिलते ही इंसानों के शरीर में पहुंच जाते हैं। एक्सपर्ट्स दावा करते हैं कि दुनिया के 80 फीसदी लोगों के पेट में ये कीड़े मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर लोगों को इस बारे में पता नहीं चलता। हुकवर्म जैसे ये परजीवी सबसे खतरनाक हैं। ये खून और विटामिन-ए, बी12 जैसे पोषक तत्व चूस लेते हैं। आंतों के सॉफ्ट टिश्यूज को खाते हैं। जिससे खासकर बच्चे कुपोषण की चपेट में आ जाते हैं। उनका शारीरिक विकास रुक जाता है। इस दौरान ये कीड़े अपना मल भी मरीज के पेट में छोड़ते हैं। पेट से आंव व ब्लड आने की वजह भी यही है। आंतों के डैमेज होने से खून रिसता है, जबकि आंव जैसा पदार्थ कीड़ों का मल होता है।

### दिमाग तक पहुंचते हैं पैरासाइट्स

ब्लड बैरियर को पार कर पेट से ब्रेन तक पहुंचे ये कीड़े सेहत पर घातक असर डालते हैं। जिससे मिर्गी के दौरे आना और बातचीत करने में परेशानी होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में कीड़ों को मारने के साथ ही शरीर के अंगों को नुकसान से बचाने और मिर्गी रोकने की दवाएं भी दी जाती हैं। हालत गंभीर होने पर रीढ़ की हड्डी में इंजेक्शन लगाकर कीड़े मारने की दवा देनी पड़ती है, ताकि उसका असर जल्दी हो।

### ये समस्याएं बढ़ती हैं

कीड़ों की वजह से बॉडी का इम्यून सिस्टम रिएक्ट करता है, जिससे अर्टिकेरिया की समस्या हो सकती है। इसे शीतपित्त भी कहते हैं। इसमें शरीर में अचानक लाल चकत्ते पड़ जाते हैं, जिसमें खुजली होती है। अक्सर यह समस्या पेट के कीड़ों की वजह से होती है। इस रिएक्शन की वजह से जान जाने का खतरा भी पैदा हो सकता है।

### रात में देते हैं अंडे

ये कीड़े करीब आधे इंच लंबे होते हैं और आंतों व रेक्टम यानी मलद्वार पर रहते हैं। रात के वक्त मादा पिनवर्म शरीर से बाहर निकलती हैं और मलद्वार पर एक साथ हजारों अंडे देती है। जहां से ये अंडे शरीर से बाहर कपड़ों, बिस्तर पर भी आ जाते हैं और वहां से दूसरे इंसानों तक पहुंचते हैं। अंडे इतने छोटे होते हैं कि हवा में उड़कर सांस के जरिए भी अंदर जा सकते हैं। एक से दूसरे बच्चे को इसके इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। खुजली, दर्द और जी मिचलाने के सिवाय इनके इन्फेक्शन का कोई दूसरा लक्षण नहीं दिखता। पिनवर्म कुछ लोगों के अपेंडिक्स तक पहुंच जाते हैं, जिससे अपेंडिसाइटिस की गंभीर समस्या हो सकती है, तब सर्जरी के जरिए इन कीड़ों को बाहर निकालना पड़ता है।

### फेफड़ों में घुस जाते हैं राउंड वर्म

ये कीड़े पेंसिल जितने मोटे और 13 इंच तक लंबे हो सकते हैं और छोटी आंत में रहते हैं। इनके अंडे मल के साथ बाहर निकलते हैं। संक्रमित खाने-पीने की चीजों के साथ बॉडी में पहुंच जाते हैं। अंडे से बाहर निकलने के बाद ये आंत से फेफड़ों में जाते हैं, एक हफ्ते वहां रहने के बाद फिर गले के जरिए दोबारा आंत में चले आते हैं।



### आंत में 30 साल जिंदा रहता है 80 फीट लंबा टेपवर्म

दूसरे कीड़ों की तरह टेपवर्म के अंडे और लार्वा भी खाने-पीने की चीजों के साथ अंदर चले जाते हैं। ये अपना मुंह आंतों में धंसा देते हैं और 30 साल तक वहां जिंदा रह सकते हैं। सफेद फीते की तरह दिखने वाले इन कीड़ों की लंबाई 80 फीट तक हो सकती है। 2021 में थाईलैंड में लंबे समय से पेट दर्द से परेशान एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया। कई जांच के बाद जब कोई वजह पता नहीं चली तो उसका स्टूल टेस्ट किया गया। लैब को मल के सैंपल में टेपवर्म के 28 अंडे मिले। उस व्यक्ति को रात में दवा दी गई और अगले दिन उसके पेट से 59 फीट लंबा टेपवर्म निकला। इसके अंडे और लार्वा भी आंतों से शरीर के दूसरे हिस्सों में भी पहुंच जाते हैं। जिससे कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

### लिवर-किडनी फेल होने का खतरा

इन कीड़ों की वजह से शिस्टोसोमियासिस नाम की बीमारी हो जाती है, जिससे लिवर और किडनी तक फेल हो सकते हैं। संक्रमित व्यक्ति बांझपन, ब्लैडर कैंसर की चपेट में आ सकता है। इन्फेक्शन के कुछ हफ्तों या महीनों के बाद इसके लक्षण दिखते हैं। मरीज के मल और यूरिन में खून आता है। उसे पेट दर्द, डायरिया, एनीमिया जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। यह परजीवी साफ पानी में रहने वाले घोंघों में पाया जाता है। उस पानी के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के पेट, खून और टिश्यूज तक इसके अंडे और लार्वा पहुंच जाते हैं।

### ब्लड टेस्ट और एंडोस्कोपी से मिलता इन्फेक्शन का सबूत

ब्लड टेस्ट, स्टूल टेस्ट, कोलोनोस्कोपी, एंडोस्कोपी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी जांचों की मदद से शरीर में इन कीड़ों की मौजूदगी का पता लगा सकते हैं। मरीज की उम्र और वजन के मुताबिक मरीज को एल्बेंडाजोल जैसी एंटी-पैरासिटिक दवाएं दी जाती हैं। पहले से कोई बीमारी होने या फिर लिवर से जुड़ा कोई रोग होने पर एल्बेंडाजोल खाने से बचना चाहिए।

### बिना डॉक्टर को दिखाए दवा खाना हो सकता है घातक

ये कीड़े बहुत तेजी से शरीर के अंदर अपनी संख्या बढ़ाते हैं, लेकिन एक बार में इतनी दवा नहीं दे सकते, जिससे एक साथ सारे कीड़े मर जाएं। इसलिए 3 से 6 महीने के अंतर पर दवा खानी चाहिए। अगर समस्या गंभीर हो, तब इलाज के दौरान 15-15 दिन में दवा देने की जरूरत भी पड़ती है। शरीफा, सरसों का साग और झारखंड में मिलने वाला करमी साग पेट के कीड़ों को मार देता है, लेकिन बरसात के दौरान साग नहीं खाना चाहिए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप



### सात्विक ने सबसे तेज बेडमिंटन 'हिट' का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया

**सोका (जापान)।** भारत के स्टार खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी ने 565 किमी प्रति घंटा की रफ्तार के स्मैश के साथ बैडमिंटन में किसी पुरुष खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 'हिट' का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। सात्विक का स्मैश किसी फॉर्मूला वन कार द्वारा हासिल की गई 372.6 किमी प्रति घंटे की सबसे तेज रफ्तार से भी अधिक तेज था। महिला वर्ग में सबसे तेज बैडमिंटन 'हिट' का रिकॉर्ड मलेशिया की टेन पियर्ली के नाम रहा जिन्होंने 438 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से शॉट लगाया था।सात्विक ने यह स्मैश जापान के सेइतामा के सोका में योनेक्स फैक्टरी जिम्नेजियम में लगाया था।

### भारतीय महिला टीम जर्मनी से 1-4 से हारी



**विस्बाडेन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को यहां पहले मैच में 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम इस दौरे पर जर्मनी के खिलाफ दूसरा मुकाबला बुधवार को खेलेगी। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में अच्छी वापसी की और इस दौरान खिलाड़ियों के बीच अच्छा तालमेल दिखा। टीम ने इस क्वार्टर में जर्मनी को गोल करने के मौके से दूर रखा। वैष्णवी ने 29 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जिससे भारतीय टीम ने दबाव कम किया। युवा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (29 वां मिनट) भारत के लिए एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रही। जर्मनी के लिए नाइक लोरेंज (छठे और 59वें मिनट) और जेटे फ्लेशचुट्ज (14वां और 43वां मिनट) ने दो-दो गोल किये। जर्मनी ने आक्रामक अंदाज में मैच शुरू कर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया।

### राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप सितंबर में

**नई दिल्ली।** लड़कों और लड़कियों की राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप सितंबर में आयोजित की जाएगी जिसमें दोनों वर्गों में 16-16 टीम भाग लेंगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) कि मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ बी सी राय ट्रॉफी के लिए लड़कों और लड़कियों की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। सभी 16 टीम को चार ग्रुप में बांटा जाएगा जिसमें प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। लड़कों की प्रतियोगिता 5 से 15 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी जबकि लड़कियों की प्रतियोगिता 20 सितंबर से शुरू होगी और फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा।



### महिला क्रिकेटः बांग्लादेश से दूसरा वनडे आज

**ढाका।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले मैच में शिकस्त झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम दूसरे वनडे मैच में पिछली गलतियों से सबक लेने का प्रयास करेगी। दोनों टीमें 19 जुलाई से ढाका के शेरे नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे वनडे के लिए आमने-सामने होंगी। मेजबान बांग्लादेश के पास 3 मैचों की वनडे सीरीज को जीतकर इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला यह मैच आज बुधवार 19 जुलाई को शेरे नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# बजरंग, विनेश को तदर्थ समिति ने एशियाई खेलों में दिया सीधा प्रवेश

## अब दूसरे पहलवान और उनके कोच अदालत में दे सकते हैं चुनौती, पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा में चयन

भाषा ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की तदर्थ समिति ने मंगलवार को ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश दिया जिसे दूसरे पहलवान और उनके कोच अदालत में चुनौती दे सकते हैं। यह निर्णय हालांकि विभिन्न वर्गों के राष्ट्रीय मुख्य कोच की सहमति के बिना लिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति ने एक परिपत्र में कहा कि उसने पहले ही पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा में पहलवानों का चयन कर लिया है। इसके बावजूद तीनों शैलियों में से सभी छह वजन श्रेणियों में ट्रायल आयोजित किए





जाएंगे। तदर्थ समिति ने परिपत्र में बजरंग और विनेश का नाम नहीं लिया, लेकिन पैनल के सदस्य अशोक गर्ग ने से पुष्टि की कि दोनों पहलवानों को ट्रायल से छूट दी गई है। गर्ग ने कहा, '' हां बजरंग और विनेश को छूट दी गयी है।''

### दोनों प्रदर्शनकारियों में शामिल थे

बजरंग 65 किग्रा वर्ग के चुनौती पेश करते हैं। वह डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से एक हैं। वह इस समय किर्गिस्तान के इस्सिक-कुल में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

जकार्ता एशियाई खेलों (2018) में स्वर्ण पदक जीतने वाली 53 किग्रा पहलवान विनेश हंगरी के बुडापेस्ट में प्रशिक्षण ले रही हैं। इन दोनों पहलवानों ने क्रमशः पुरुष 65 किग्रा और महिला 53 किग्रा वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्होंने विरोध प्रदर्शन के कारण इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है।

### इन्हें छूट नहीं दी

तदर्थ समिति ने हालांकि विरोध करने वाले चार अन्य पहलवानों साक्षी मलिक, उनके पति सत्यव्रत कादियान, जितेंद्र किन्हा और बजरंग की पत्नी संगीता फोगाट को किसी तरह की छूट नहीं दी है।

### 23 से होंगे ट्रायल

तदर्थ समिति ने 23 सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए कुश्ती टीम का चयन करने के लिए ट्रायल से चार दिन पहले यह निर्णय लिया। ग्रीको-रोमन (60किग्रा, 67किग्रा, 77किग्रा, 87किग्रा, 97किग्रा, 130किग्रा) और महिलाओं (50किग्रा, 53किग्रा, 57किग्रा, 62किग्रा, 68किग्रा, 76किग्रा) के फ्रीस्टाइल ट्रायल 22 जुलाई को होने हैं, जबकि पुरुषों (57किग्रा, 65किग्रा, 74किग्रा, 86किग्रा, 97किग्रा, 125किग्रा) के फ्रीस्टाइल ट्रायल 23 जुलाई को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे।

# डब्ल्यूएफआई के चुनाव को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव पर गौहाटी उच्च न्यायालय की ओर से लगायी गयी रोक हटाते हुए संबंधित चुनाव का मार्ग मंगलवार को प्रशस्त कर दिया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति एस. वी. भट्टी की पीठ ने चुनाव प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए) की ओर से दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए 25 जून को डब्ल्यूएफआई के चुनावों पर रोक लगा दी थी। एडब्ल्यूए ने संबंधित चुनाव में भाग लेने के अपने अधिकार को लेकर याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, भारतीय कुश्ती महासंघ, असम कुश्ती संघ और अन्य को नोटिस जारी किए थे। याचिकाकर्ता 'आंध्र प्रदेश एमेच्योर कुश्ती एसोसिएशन' के वकील ने पीठ को बताया कि एक तीसरा पक्ष उच्च न्यायालय के समक्ष पेश हुआ और मामले पर रोक लगवा दी। उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ के चुनाव में देरी हो रही है। पीठ ने इसके बाद नोटिस जारी किए और उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

## क्रिकेट : मुकाबला त्रिनिदाद के क्वीन्स पार्क ओवल में खेला जाएगा

# भारत-वेस्टइंडीज के बीच 100वां टेस्ट मैच कल से, टीम इंडिया का पलड़ा भारी

एजेंसी ⏭ त्रिनिदाद

भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ का दूसरा और आखिरी मुकाबला 20 जुलाई से त्रिनिदाद में खेला जाएगा। इस मैच के ज़रिए भारत और वेस्टइडीज़ की टीमें 100वें टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरेंगी। अब तक दोनों के बीच 99 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें वेस्टइंडीज़ का पलड़ा भारी रहा है।

### वेस्टइंडीज ने 30 व इंडिया ने 23 मुकाबले जीते

दोनों के बीच अब तक खेले गए 99 टेस्ट मैचों में वेस्टइंडीज़ ने 30 और इंडिया ने 23 मुकाबले जीते हैं, जबकि 46 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। इससे पहले दोनों के बीच खेले गए मैच में भारतीय टीम ने एक पारी और 141 रनों से जीत दर्ज की थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि 100वें मुकाबले कौन सी टीम बाज़ी मारती है। वैसे मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है।



### भारत का टेस्ट स्क्वाड

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, केएस भरत, अक्षर पटेल, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार।

### वेस्टइंडीज़ का टेस्ट स्क्वाड

क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उपकप्तान), एलिक अथानाजे, तगेनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गैब्रियल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, किर्क मैकेंजी, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।

### 1948 में खेला गया था दोनों के बीच पहला मैच

भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच पहला टेस्ट 1948 में 10 से 14 नवंबर के बीच खेला गया था। दोनों के बीच पहला मुकाबला दिल्ली में खेला गया था। यह मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था। लाला अमरनाथ इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे थे। दोनों के बीच चौथे टेस्ट का पहली बार निर्णय निकला था, जिसमें वेस्टइंडीज़ ने एक पारी और 193 रनों से जीत दर्ज की थी। यह मैच चेन्नई में खेला गया था।

### विराट के लिए होगा 500वां अंतर्राष्ट्रीय मैच

भारत बनाम वेस्टइंडीज़ के बीच खेले जाने वाला 100वां टेस्ट भारतीय बल्लेबाज़ विराट कोहली के करियर का 500वां अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। इस मैच के ज़रिए 10वे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जिन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 500 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# विश्व जूनियर निशानेबाजी में भारतीय टीम टॉप पर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को चौथा स्वर्ण पदक जीतकर चीन को पीछे छोड़ते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन के तीन स्वर्ण पदक हैं।

पार्थ माने, अभिनव साव और धनुष श्रीकांत ने मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। उनके अलावा राइजा ढिल्लों ने महिलाओं की स्कीट में रजत पदक जबकि उमामहेश मदीनेनी ने पुरुषों की 10 मीटर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता अभी छह दिन और चलेगी।

### चीन दूसरे व कोरिया रहा तीसरे स्थान पर

भारत के पार्थ, अभिनव और धनुष की तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में कुल 1886.7 का स्कोर बनाया। चीन दूसरे स्थान पर रहा, जिसके निशानेबाजों ने कुल 1883.5 का स्कोर किया। कोरिया ने कांस्य पदक जीता। यह अभिनव का टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने सोमवार को गौतमी भनोट के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

### महिला वर्ग में सिर्फ सोनम पहुंचीं फाइनल में

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में सोनम मासकर फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय रही। वह आखिर में सातवें स्थान पर रहीं। फाइनल में वह और स्लोवाकिया की मिरोस्लावा होकोवा समान 51 अंक लेकर शीर्ष पर रही। इसके बाद शूट ऑफ का सहारा लिया गया जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरा लक्ष्य चूक गई। होकोवा ने दोनों अवसरों पर सही निशाने लगाए। पुरुषों की स्कीट में हरमेहर लाली ने 119 का स्कोर किया। वह छह खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे लेकिन आखिर में उन्हें पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

# एशियन गेम्स के लिए महिला टीम का ऐलान



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने आगामी एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में कर दिया है। भारतीय महिला टीम अगुवाई और अपने पहले एशियाई खेलों के लिए पूरी ताकत के साथ कौर भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। चयनकर्ता ने ऋचा घोष और अंजलि सरवानी को टीम में शामिल किया है। भारतीय टीम के चयनकर्ता ने झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित होने वाले 19वें एशियाई खेल के लिए महिला क्रिकेट टीम का चयन किया गया है। ये प्रतियोगिता 19 से 28 सितंबर 2023 तक होगी और टी20 प्रारूप खेला जाएगा।

- एशियाई खेल 2023 प्रतियोगिता 19 से 28 सितंबर तक होगा

### इन खिलाड़ियों पर जताया भरोसा

टीम में कई युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया गया है, जिसमें विकेटकीपर उमा छेत्री और कनिका आहूजा भी शामिल है। वहीं हरलीन देओल और साईका इशाक सहित पांच खिलाड़ी को स्टैंडबाय सूची में रखा गया है।

**भारतीय टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुषा बरेड्डी।

### कप्तान हरमनप्रीत का क्रिकेट करियर

हरमनप्रीत कौर ने अभी तक 154 टी 20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 28 की औसत से 3152 रन बनाए हैं। कौर का टी 20 मैच में 1 शतक सहित 11 अर्द्धशतक शामिल है। वहीं 124 वनडे मैचों में 38.3 की औसत से 3852 रन बनाए है। जिसमें 5 शतक और 17 हाफ शतक शामिल है।



### सिंधू, प्रणय, साइना की रैंकिंग में नुकसान

**नई दिल्ली।** उतार-चढ़ाव भरी फॉर्म से गुजर रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में पांच स्थान के नुकसान से 17वें स्थान पर खिसक गई। एचएच प्रणय भी पुरुष रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से 10वें पायदान पर हैं। लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत क्रमशः 12वें और 20वें स्थान पर बने हुए हैं। साइना नेहवाल पांच स्थान के नुकसान से विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान पर खिसक गई हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी तीसरे स्थान पर बरकरार है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल में एक स्थान के नुकसान से 19वें स्थान पर हैं।

# महिला फुटबॉल फीफा वर्ल्ड कप कल से ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड हैं सह-मेजबान

एजेंसी ⏭ सिडनी

पुरुष फीफा वर्ल्ड कप फुटबॉल का जुनून जहां सारी दुनिया में सिर चढ़कर बोलता है वहीं अब पहली बार विमेंस फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन 2 देश मिलकर करने वाले हैं। पहले महिला फुटबॉल फीफा वर्ल्ड कप का आगाज गुरुवार 20 जुलाई से होगा, जो इस टूर्नामेंट का 9वां संस्करण होगा।

विमेंस फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड मिलकर कर रहे हैं। इस बार कुल 32 टीमें विमेंस फीफा वर्ल्ड कप में कप जीतने के इरादे से खेलने उतरेंगी। इस मेगा इवेंट का खिताबी मुकाबला 20 अगस्त को सिडनी ओलंपिक स्टेडियम में खेला जाएगा।

### भारत में कब कहां और कैसे देखें विमेंस फीफा वर्ल्ड कप मैच



**कैसे देखें लाइव स्ट्रीमिंग**

फीफा विमेंस वर्ल्ड कप मैचों का भारत में लाइव प्रसारण का अधिकार फैनकोड एप के पास है। इसमें मोबाइल पर एप के जरिए जहां मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देखी जा सकती है।

### ये टीमें मानी जा रहीं खिताब की दावेदार

पिछले 2 फीफा वर्ल्ड कप के संस्करण में संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम का दबदबा देखने को मिला है। इस बार भी वह खिताब जीतने की प्रबल दावेदारों में सबसे आगे चल रही है। अमेरिका के अलावा इंग्लैंड विमेंस फुटबॉल टीम भी पिछले 2 वर्ल्ड कप में काफी बेहतर खेल दिखाने में कामयाब हुई है, लेकिन वह सेमीफाइनल से आगे का सफल नहीं तय कर पायी है। सह-मेजबान में दूसरी टीम ऑस्ट्रेलिया की भी गिनती प्रबल दावेदारों में की जा रही है।



### झेंग की ऐरानी के खिलाफ आसान जीत

**पालेर्मो।** दूसरी वरीय झेंग किनवेन ने पालेर्मो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में बेहद एकतरफा मुकाबले में सोमवार को यहां इटली की सारा ऐरानी को 6-0, 6-0 से हराया। चीन की झेंग अगले दौर में फ्रांस की डायने पेरी से भिड़ेंगी जिन्होंने इटली की क्वालीफायर ऑरोरा जेनटेडेश को 6-4, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। ऑस्ट्रिया की आठवीं वरीय जूलिया ग्रेबर को फ्रांस की क्लारा बुरेल ने 6-4, 7-5 से हराकर उलटफेर किया।

## एशेज सीरीज : ऑस्ट्रेलिया की 2-1 से बढ़त, चौथा टेस्ट आज से

# ऑस्ट्रेलिया जूझेगा सीरीज कब्जाने, इंग्लैंड टालेगा हार का संकट

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐतिहासिक एशेज सीरीज खेली जा रही है। अब तक तीन टेस्ट मैच हो चुके हैं, जिसमें दो मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते तो एक मैच इंग्लैंड ने जीता है। अब आज यानी बुधवार 19 जुलाई से चौथा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे चल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट को जीतकर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। वहीं मेज़बान टीम की नजरें सीरीज हार के संकट को टालकर बराबरी करना चाहेगी। ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। हालांकि, शुरुआती दो दिन के बाद यहां बल्लेबाजी करना थोड़ा आसान हो जाता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी का फैसला ले सकती है।



### जेम्स एंडरसन की हुई टीम में वापसी

तीसरे टेस्ट में जीत के बावजूद इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह जेम्स एंडरसन की प्लेइंग इलेवन में वापसी हुई है। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। उनके नाम 688 विकेट दर्ज हैं।

### इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

चौथे टेस्ट में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों पर दुनियाभर की नजरें टिकी रहने वाली हैं। इसमें इंग्लैंड के जो रूट और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ प्रमुख हैं। इसके अलावा बेन स्टोक्स, मार्नस लाबुशेन, जेम्स एंडरसन और मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर सभी की नजरें टिकी रहने वाली हैं।

### इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

बेन डकेट, जैक क्रॉली, मोईन अली, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक, क्रिस वोक्स, स्टुअर्ट ब्रॉड, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

### ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन

डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, टॉड मर्फी और जोश हेजलवुड।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# आर्थिक विकास होगा, केंद्र शासित प्रदेश को मिलेगी 'रफ्तार'

## पीएम मोदी ने पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पोर्ट ब्लेयर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस नए टर्मिनल भवन का निर्माण 710 करोड़ की लागत से हुआ है। इससे केंद्र शासित प्रदेश में कनेक्टिविटी को रफ्तार मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नई एकीकृत टर्मिनल बिल्डिंग से यात्रा में आसानी और व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक मौजूदा टर्मिनल की क्षमता हर रोज 4,000 पर्यटकों को सेवा देने की थी, नया टर्मिनल बनने के बाद इस हवाईअड्डे की क्षमता रोज करीब-करीब 11,000 पर्यटकों को सेवा देने की हो गई है। उन्होंने कहा कि यहां के लिए नए विमानों का भी रास्ता खुल गया है।

*710 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है नया टर्मिनल भवन*

*साथ ही अंडमान निकोबार में चार वाटर ड्रोन किए जाएंगे स्थापित*

*इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य भी मौजूद थे*

### आर्थिक विकास को मिलेगी और रफ्तार





नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पोर्ट ब्लेयर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से 710 करोड़ रुपए का एयरपोर्ट भारत को समर्पित किया जा रहा है। इससे दिल्ली-चेन्नई-विशाखापट्टनम के लिए कनेक्टिविटी होगी और आने वाले दिनों में इससे भी ज़्यादा कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यहां चार वाटर ड्रोन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे आर्थिक विकास होगा।

### यह कई सुविधाओं से लैस

बता दें कि नए टर्मिनल भवन करीब 40,800 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। नए टर्मिनल भवन सालाना लगभग 50 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा।



इसके साथ ही पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट पर 80 करोड़ रुपये की लागत से दो बोइंग-767-400 और दो एयरबस-321 प्रकार के विमानों के लिए उपयुक्त एक एप्रन का भी निर्माण किया गया है। इससे एयरपोर्ट पर एक साथ 10 विमानों को पार्क किया जा सकेगा।

### शंख के आकार में बना है भवन

पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन को शंख का आकार दिया गया है। ये समुद्र और द्वीपों को दर्शाती है। पूरे टर्मिनल में प्रतिदिन 12 घंटे के लिए 100 प्रतिशत प्राकृतिक रोशनी होगी, जो छत पर लगे रोशनदानों से मिलेगी। नए टर्मिनल भवन में 28 चेक-इन काउंटर, तीन यात्री बोर्डिंग ब्रिज सहित अन्य सुविधाएं मौजूद हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला की खाने की टेबल पर गिरा मरा चूहा

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू के आइकिया स्टोर में रविवार को शॉपिंग के दौरान महिला के साथ भयावह घटना घटी। महिला ने आरोप लगाया कि फूड कोर्ट में खाना खाने के दौरान उसकी टेबल पर मरा हुआ चूहा गिरा। शरण्या शेट्टी नाम के ट्विटर यूजर ने पोस्ट करके अपने साथ हुई भयावह घटना का जिक्र किया। वहीं, स्वीडिश आइकिया चेन के आउटलेट ने महिला के साथ हुई घटना पर माफी मांगी है। ट्विटर यूजर शरण्या ने तस्वीर शेयर की है, जिसमें टेबल पर एक मरा हुआ चूहा नजर आ रहा है।



### बेटे की फीस के लिए मां बस के आगे कूदी

**चेन्नई।** मां की ममता का कोई मोल नहीं। अपने बच्चे के लालन-पालन में मां जितना कुछ कर जाती हैं, उसका कोई हिसाब नहीं कर सकता। मां-बेटे के प्यार की एक ऐसी कहानी सामने आई है, जिसे जानकर लोगों की आंखें नम हो जा रही है। मां-बेटे के प्यार की यह कहानी तमिलनाडु से सामने आई है। यहां एक महिला चलती बस के आगे कूद गई। इस घटना में महिला की मौत हो गई, लेकिन खुदकुशी के पीछे की जो वजह सामने आई, उसे सुनकर हर कोई हैरान है। महिला बेटे की कॉलेज फीस भरने के लिए बस के आगे कूदी थी।



### कार में आग लगने से जिंदा जलकर 4 की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि रामपुर मनिहारान में चुनहेटी गांव के पास अंबाला देहरादून हाईवे पर एक कार में आग लग गई। आग लगने से कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और शवों को बाहर निकाला जा रहा है। रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनहेटी गांव के पास बाइपास पर हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोग जिंदा जल गए।



## आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए और इंडिया में जोर आजमाइश

# एनडीए का हिस्सा बने चिराग व मांझी शिवसेना और एनसीपी देंगी 'संजीवनी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2024 लोकसभा चुनाव के लिए पक्ष-विपक्ष में खुद को और मजबूत करने की खींचतान जारी है। केंद्र की सत्ता में आसीन भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की देश की राजधानी दिल्ली में बैठक की। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह , भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा और वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इसके कई पुराने सहयोगी दल एक साथ रहे और पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही मोदी के नेतृत्व के लिए अपने आप को खुदकिस्मत बताया। इससे पहले मंगलवार को ही विपक्ष के 26 दलों की मीटिंग बेंगलुरु में हुई।

### विपक्ष को दिया तगड़ा झटका

#### पटना मीटिंग में गए प्रफुल्ल, अजित भी पहुंचे



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे शिवसेना की ओर से और एनसीपी के बागी गुट के नेता अजित पवार-प्रफुल्ल पटेल पहली बार बैठक में शामिल हुए। प्रफुल्ल पटेल पटना में हुई विपक्ष की पहली बैठक में भी शामिल हुए थे। शिंदे उद्धव ठाकरे से बगावत के बाद एनडीए में शामिल हुए हैं। इससे भाजपा की ताकत तो निश्चित ही बढ़ेगी लेकिन, विपक्ष का बल कमजोर होगा, क्योंकि एनसीपी दो धड़े में बंट चुकी है। वहीं, भाजपा से संबंध तोड़ लेनी वाली शिवसेना का साथ भी भाजपा यानी एनडीए के लिए एक तरह का वरदान ही साबित होगा।

#### चिराग ने लिया पीएम का चरण छूकर आशीर्वाद

एनडीए की बैठक से पहले लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उनकी पार्टी नीतीश कुमार की नीतियों के हमेशा विरोध में रही है। उस समय पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रामविलास से कहा था कि यह भाजपा का गठबंधन है, जेडीयू का नहीं।




#### मांझी ने नीतीश को संयोजक बनाने वालों को सद्बुद्धि की 'दाद' दी



विपक्ष की बैठक से पहले सीएम नीतीश कुमार पर पूर्व सीएम और हम के प्रमुख जीतन राम मांझी ने हमला बोला है। जीतन राम मांझी ने कहा कि अगर उनको संयोजक बनाया जाता है कि तो उन्हें चुनने वालों के सद्बुद्धि की हम दाद देंगे। मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाएगा या नहीं विपक्ष का आंतरिक मामला है। नीतीश कुमार अपने घर में महान फेल्योर साबित हुए हैं।

#### ये भी खूब... नीतीश के खिलाफ बेंगलुरु में लगे बैनर




**कर्नाटक।** बेंगलुरु की सड़कों पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधने वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए। ये सभी बैनर बेंगलुरु के चालुक्य सर्कल, विंडसर मैनर ब्रिज और हेब्बाल के पास एयरपोर्ट रोड पर लगाए गए है। संयुक्त विपक्ष की बैठक के पहले पूरे बेंगलुरु में इस स्थान सहित कई स्थानों पर नीतीश पर निशाना साधने वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। इनमें भागलपुर ब्रिज के दोनों बार गिरने की तारीख का जिक्र किया गया है।

### उधर, संयुक्त विपक्ष की बैठक

#### ममता ने राहुल को बताया अपना फेवरेट



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने राहुल गांधी का नाम उछाला। उन्होंने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राहुल गांधी हमारे पसंदीदा नेता हैं। ममता ने कहा कि देश के लोगों की जिंदगी खतरे में है। सरकार का एक ही काम है- सरकार बेचना और सरकार खरीदना! इंडिया को बचाना है, देश को बचाना है। लोकतंत्र को खरीदने का सौदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया जीतेगा और भाजपा हारेगी।

#### नए भारत का सपना लेकर हम सब एकजुट

मीटिंग के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी के पास मौका था, लेकिन नौ सालों में उन्होंने हर क्षेत्र को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्होंने सब कुछ बेच दिया। आज देश में हर आदमी दुखी है। यह अच्छी बात है कि कुनबा बढ़ रहा है। हमें एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नए भारत का सपना लेकर हम सब एकजुट हुए हैं।



#### भाजपा का करेंगे सफाया: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि देश की दो तिहाई आबादी भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करने के लिए विपक्ष एकजुट है। विपक्षी एकता का महत्व बताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि देश और लोगों को बचाना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ सरकार सीबीआई, ईडी का दुरुपयोग कर रही है।



## छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाला

# भूपेश की दलील से सुप्रीम कोर्ट सहमत, ईडी को जांच से रोका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ में 2 हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला मामले में राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार के अफसरों को अंतरिम संरक्षण देते हुए इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगले आदेश तक ईडी अपनी जांच आगे न बढ़ाए। साथ ही अफसरों पर कोई कठोर कार्रवाई न हो।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि वह छग शराब घोटाले के संबंध में यश टुटेजा के खिलाफ जांच आगे न बढ़ाएं। यश, आईएएस अधिकारी रहे अनिल टुटेजा के बेटे हैं। अनिल टुटेजा को ईडी ने छग में शराब की अवैध आपूर्ति के लिए सिंडिकेट के सरगना के रूप में नामजद किया है।

शीर्ष अदालत ने पहले भी ईडी को यश टुटेजा के खिलाफ कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करने का निर्देश दिया था। मंगलवार को जांच पर रोक लगाने का आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने संकेत दिया कि एक ही मामले के संबंध में जिन 35 सरकारी अधिकारियों समेत अन्य पर कार्रवाई चल रही है, उन पर भी यही आदेश लागू होगा।

ईडी ने इस मामले में अब तक पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन और नितेश पुरोहित को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने दावा किया था कि विशेष सचिव ने आबकारी नीति में बदलाव किया था, जिसकी वजह से 2 हजार करोड़ का घोटाला हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार ने ईडी पर आरोप लगाया है कि जांच एजेंसी राज्य के अफसरों को परेशान कर रही है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने ईडी की जांच पर रोक का फैसला दिया।

पिछली सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने आरोप लगाया है कि जांच एजेंसी परेशान कर रही है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राज्य में कथित 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार ने जस्टिस एस के कौल और जस्टिस ए. अमानुल्लाह की पीठ के समक्ष आरोप लगाया था कि राज्य आबकारी विभाग के कई अधिकारियों ने शिकायत की है कि ईडी उन्हें और उनके परिवार को धमकी दे रहा है और गिरफ्तारी का भय दिखा रहा है।

राज्य सरकार ने दावा किया कि अधिकारियों ने कहा है कि वे विभाग में काम नहीं करेंगे। ईडी प्रताड़ित और परेशान कर रही है। छत्तीसगढ़ की ओर से पेश वरिष्ठ कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि ईडी राज्य के आबकारी अधिकारियों को धमका रहे हैं। यह चौंकाने वाली स्थिति है, अब चुनाव आ रहे हैं और इसलिए ऐसा किया जा रहा है।

## यौन शोषण मामला

# बृजभूषण को मिली अंतरिम बेल, अब 20 को सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी दिन की अंतरिम जमानत दे दी है। अब 20 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होगी। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा डब्ल्यूएफआई के सहायक सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी शामिल है। दिल्ली पुलिस ने सिंह के खिलाफ दाखिल करीब 1000 पन्नों की चार्जशीट में कई धाराएं लगाई थी। धारा 354 में अधिकतम 5 साल की सजा का प्रावधान है और यह एक गैर जमानती धारा है। धारा 354ए के तहत अधिकतम एक साल की सजा का प्रावधान है और यह एक जमानती धारा है। धारा 354डी में पांच साल की अधिकतम सजा का प्रावधान है जबकि यह धारा जमानती धारा है।



## 20 जुलाई को करेंगी खुलासा

# विप्रो, इंफोसिस जैसी कंपनियां अब 'एआई' की ओर बढ़ रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के खतरे पर छिड़ी बहस के बीच देश की दिग्गज आईटी कंपनियां इस पर बड़े पैमाने पर खर्च करने का मन बनी चुकी हैं। बीते दिनों देश की दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने अपने सभी 2.5 लाख कर्मचारियों को एआई में प्रशिक्षित करने और प्रोडक्ट्स की पेशकश में इस टेक्नोलॉजी को अपनाने पर एक अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान किया था। अब इंफोसिस ने ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन डेवलपमेंट के लिए बड़ी धनराशि व्यय करके अपने मौजूदा स्ट्रेटेजिक ग्राहकों में से एक के साथ डील का ऐलान किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 5 वर्षों में कुल ग्राहक लक्ष्य खर्च 2 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। इंफोसिस ने इस डील को लेकर डिटेल में जानकारी नहीं दी, लेकिन 20 जुलाई को तिमाही नतीजों के ऐलान के साथ ही विस्तार से बताया जाएगा।




## चंद्रयान की तीसरी कक्षा की प्रक्रिया सफल



**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 मिशन को लेकर एक अच्छी खबर आ रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट कर के जानकारी दी है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की तीसरी कक्षा बढ़ाने की प्रक्रिया (पृथ्वी-बाउंड अपभू फायरिंग) को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है। अगली फायरिंग 20 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच करने की योजना है।

## बारिश से हिमाचल बेहाल, लोग परेशान

# भूस्खलन से रोड का हिस्सा गायब खड्ड में कार गिरने से 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। भूस्खलन से क्षतिग्रस्त ननखड़ी-पांडाधार सड़क पर शरण ढांग में सोमवार रात एक कार अनियंत्रित होकर भद्राश खड्ड में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को खड्ड से निकाला। बताया जा रहा है कि पांडाधार में शिव मंदिर के पास सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा गायब हो गया है। भूस्खलन के बाद सोमवार रात को यहां कार अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। मृतकों की पहचान वीर सिंह ठाकुर पुत्र प्रताप सिंह गांव वनोला ननखड़ी, हिम्मत सिंह पुत्र सवीर दास व रतन सिंह पुत्र हरि सिंह के रूप में हुई है।



### महाराष्ट्र के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**मुंबई।** दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा और उत्तराखंड में भारी बारिश ने जमकर लोगों को परेशान किया है अभी इन राज्यों के लोग बारिश से पैदा हुई समस्या से निजात भी नहीं पाए हैं कि मौसम विभाग का ताजा अपडेट लोगों को और परेशान करने वाला है, क्योंकि मौसम विभाग ने मायानगरी मुंबई में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका को व्यक्त किया है और इसलिए उसने यहां पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## सीमा ने एटीएस के सामने उगले कई चौंकाने वाले राज

# सचिन से पहले दिल्ली के कई युवकों से की थी बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन मीणा से यूपी एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम लगातार पूछताछ कर रही है। सीमा, सचिन और सचिन के पिता से यूपी एटीएस की टीम ने करीब 9 घंटे पूछताछ की थी। इसके टीम सीमा हैदर और सचिन के पिता को घर छोड़ गई। सचिन मीणा को एटीएस ने हिरासत में ले रखा है और पूछताछ कर रही है। टीम छह साल से कम आयु की दो बच्चियों को भी मां के साथ ले गई है। सीमा ने पूछताछ में कई चौंकावे वाले खुलासे किए हैं। सचिन पहला भारतीय युवक नहीं है, जिससे सीमा ने पबजी के जरिए मुलाकात की थी। इससे पहले भी वह हिंदुस्तान के कुछ युवकों के संपर्क में थी और ये अधिकतर दिल्ली एनसीआर के थे। बरामद आधार कार्ड, चैट डिलीट और पाकिस्तान का मोबाइल तोड़ने आदि के सवाल में वह उलझ रही है।

### इंडियन आर्मी के जवानों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी



सीमा के सभी सोशल अकाउंट्स खंगाले जिसमे पता चला कि सीमा ने भारतीय सेना के कुछ जवानों को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। वह कई बार अपने बयान से पलटी है उसने कई सवालों में गुमराह करने की भी कोशिश की है। सीमा कहती है कि उसका भाई पाकिस्तान मिलिट्री ज्वाइन करना चाहता है लेकिन आईबी को पता चला है कि सीमा का भाई पाकिस्तानी सेना में है। दोबारा उसके भाई से जुड़ा सवाल करने पर वह खामोश रही।

#### जासूसी का शक

पबजी पार्टनर सचिन के प्यार में नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से रबूपुरा आई सीमा हैदर पर जासूसी का शक जाहिर किया जा रहा है। एटीएस भी इसी आशंका से सीमा सचिन और उसके पिता नेत्रपाल से पूछताछ कर रही है। 13 मई नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आ गई थी।

#### एटीएस की टीम भी चौंकी

पूछताछ में सीमा ऐसे जवाब दे रही थी कि एटीएस भी हैरान रह गई। एक इंटरव्यू को लेकर भी सीमा ने जवाब दिए। नोएडा के सेक्टर-94 के ऑफिस में पाकिस्तानी सीमा हैदर से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई।

#### 13 लाख का घर 70 हजार का मोबाइल खरीदा

सीमा ने भारत आने से पहले केवल 13 लाख का अपना घर ही नहीं बेचा था, बल्कि उसने 70 हजार का मोबाइल भी खरीदा था और उसी मोबाइल से वह सचिन से बात कर रही थी जबकि इससे पहले खबर आई थी कि उसके पास से पुलिस को चार फोन मिले थे और चारों ही काम नहीं कर रहे थे और जिसमें से 3 तो टूटे हुए थे। इनकी जांच की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com